

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-241 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 02 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112






## ट्रक -कार में आमने-सामने की टक्कर, रायपुर के 4 लोगों की मौत

**सरगुजा,1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के गुमगा गांव में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया जिस में 4 लोगों की मौत हो गई. स्कोडा कार और ट्रक के बीच भिड़ंत के चलते यह हादसा हुआ. इस हादसे में कार में सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 1 की गंभीर रूप से घायल है. कार में सवार सभी लोग राजधानी रायपुर के निवासी बताए जा रहे हैं. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वालों में रायपुर निवासी दिनेश साहू, संजीव, और राहुल के नाम सामने आए हैं, जबकि दो अन्य की पहचान अभी नहीं हो पाई है. स्कोडा सवार रायपुर के चंगोराभाठा इलाके के निवासी थे. बता दें, हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए कटर मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा. हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का इलाज अस्पताल में जारी है.

### स्कार्पियो की चपेट में आया स्कूटी सवार

**बिलासपुर,1 दिसंबर।** घर में जगह नहीं होने की वजह से बाहर लोग गाड़ी खड़ी करने लगे हैं, लेकिन बेतरतीब तरीके से खड़ी गाड़ियां हादसे का कारण बन जाती है, जिसका खामियाजा भारतीय नगर निवासी 18 वर्षीय कृष्णा मिश्रा को भुगतना पड़ा. बिलासपुर के भारतीय नगर के तैय्यब मस्जिद के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से स्कूटी सवार कृष्णा मिश्रा घायल हो गया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां पर लोग कई साल से ब्रेकर बनाने की मांग कर रहे हैं. इससे पहले भी यहां कई बार हादसे हो चुके हैं. वायरल वीडियो गुरुवार 26 नवंबर की सुबह करीब 9 बजे का है, जब भारतीय नगर निवासी कृष्णा मिश्रा घर से अपनी स्कूटी से निकला और तैय्यब मस्जिद के पास गली से बाहर सड़क पर आया था कि दूसरी ओर से आ रही काले रंग की तेज रफ्तार स्कार्पियों चौक की ओर जा रही थी.

## मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर, एके-47 बरामद

रायपुर,1 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। ग्रेहाउंड के जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से एके-47 और 1 इंसास राइफल बरामद की हैं। मिली जानकारी के अनुसार, नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। तलाशी अभियान अब भी जारी है ताकि छिपे हुए अन्य नक्सलियों का पता लगाया जा सके। यह मुठभेड़ तेलंगाना के मूलूगू जिले की सीमा पर हुई है। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई को नक्सल प्रभावित इलाकों में बड़ा झटका माना जा रहा है। क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और गश्ती अभियान तेज कर दिए गए हैं। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से नक्सलियों के खिलाफ अभियान को मजबूती मिली है, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति कायम रखने की उम्मीद है।

### मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण का गला घोंटा

**बीजापुर,1 दिसंबर।** एक बार फिर नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है, जिसमें पुलिस मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की गला घोंटकर हत्या कर दी. पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है. जानकारी के अनुसार, भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डालेर निवासी कुम्मेश कुंजाम की देर रात माओवादियों ने गला घोंट कर हत्या कर दी. उसके बाद शव को चिहका - टिंडोडी मार्ग पर फेंक दिए. घटनास्थल से भैरमगढ़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है, जिसमें मृत ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है.

## संक्षेप

### दिल्ली विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ेगी आप

**नईदिल्ली,1 दिसंबर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस बीच आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कर दिया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव आप अकेले लड़ेगी और किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी।हरियाणा और महाराष्ट्र में के बाद केजरीवाल के इस ऐलान को विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए एक और झटका माना जा रहा है। हरियाणा में भी ऐन वक्त पर आप-कांग्रेस का गठबंधन नहीं हुआ था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो सका था। तब राहुल गांधी ने खुद गठबंधन की पहल की थी और दोनों पार्टियों के बीच कई दौर की वार्ता भी हुई थी, लेकिन अंत में सहमति नहीं बन सकी।इसके बाद दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था।तब कहा गया था कि आप 10 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन कांग्रेस केवल 3 सीटें देने पर राजी थी।

### कोलकाता के बाद त्रिपुरा के अस्पताल ने भी बांग्लादेशी मरीजों के लिए बंद की सेवाएं

**अगरतला,1 दिसंबर।** बांग्लादेश में भीड़ द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज को जलाने की कथित घटना के विरोध में कोलकाता के बाद अब त्रिपुरा के आईएलएस अस्पताल ने भी बांग्लादेशी मरीजों का उपचार न करने का फैसला किया है।शनिवार को कोलकाता के जेएन रे अस्पताल ने घटना के विरोध में बांग्लादेशी मरीजों का उपचार न करने का निर्णय किया था।अस्पताल के निदेशक सुभ्रांशु भक्त ने कहा था कि देश सबसे ऊपर है। देश से ऊपर कुछ भी नहीं हो सकता है।

अगरतला स्थित आईएलएस अस्पताल के एक अधिकारी ने बांग्लादेशी लोगों द्वारा कथित दुर्व्यवहार का हवाला देते हुए अस्पताल में बांग्लादेशी मरीजों का उपचार न किए जाने के निर्णय के प्रति समर्थन व्यक्त किया है।अस्पताल के मुख्य परिचालन अधिकारी गौतम हजारिका ने अखौरा चेक पोस्ट और आईएलएस अस्पताल में सहायता केंद्र बंद होने की पुष्टि की है।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के चलते यह कदम उठाया है।

### चक्रवाती तूफान फेंगल ने मचाई तबाही

**चेन्नई,1 दिसंबर।** चक्रवात फेंगल के कारण उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश हुई, जो आज सुबह भी जारी है। फेंगल शनिवार को पुडुचेरी के समुद्री तट के करीब पहुंचा। चक्रवात के कारण हो रही बारिश की वजह से चेन्नई हवाईअड्डे को बंद करना पड़ा, शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया है। चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह 4.00 बजे से उड़ान संचालन फिर से शुरू हो गया है। चक्रवात के कारण सेवाएं कल से निलंबित कर दी गई थीं।चेन्नई में चक्रवाती तूफान फेंगल की वजह से हुई भारी बारिश, अलग-अलग घटनाओं में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है।

## भारतीय मूल के काश पटेल संभालेंगे एफबीआई निदेशक का पद

**वाशिंगटन,1 दिसंबर।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक पद के लिए अपने निकट सहयोगी एवं विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। यह चयन ट्रंप के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि सरकार की कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। साथ ही ट्रंप ने अपने विरोधियों के विरुद्ध प्रतिशोध की इच्छा जताई है। ऐसे में इस पद के लिए पटेल का चयन मायने रखता है। ट्रंप ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, ''पटेल ने रूस के संबंध में फैलाए गए झूठ को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह सच्चाई, जवाबदेही एवं संविधान के समर्थक के रूप में खड़े रहे।'' ट्रंप ने अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि कश्यप



काश पटेल एफबीआई के अगले निदेशक के रूप में काम करेंगे। काश एक बेहतरीन वकील, जांचकर्ता और 'अमेरिका को प्राथमिका देने वाले' योद्धा हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान भ्रष्टाचार को उजागर किया और न्याय तथा अमेरिका के लोगों की रक्षा की।'' पटेल (44) ने 2017 में तत्कालीन ट्रंप प्रशासन के अंतिम कुछ हफ्तों में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के 'चीफ ऑफ स्टाफ' के रूप में काम किया था।

## शिव मंदिर से मुकुट और गहने पार,हनुमान मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर निकाली चांदी की आंख

**रायपुर,1 दिसंबर।** राजधानी के रामकुंड क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं. चोरों ने क्षेत्र के कई मंदिरों को अपना निशाना बनाया है. शुक्रवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने हनुमान और शिव मंदिर समेत पांच मंदिरों को निशाना बनाया. चोरों ने देव प्रतिमाओं से चांदी की आंखें, मुकुट और अन्य गहने चोरी कर लिए. चोरी की वारदात सीसीसटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसे मंदिर समिति ने आजाद चौक थाने में सौंपकर शिकायत दर्ज कराई है. वहीं मंदिरों में चोरी को लेकर श्रद्धालुओं में नाराजगी देखी जा रही है. फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है. बता दें, चोरों ने न केवल गहने चुराए, बल्कि देव प्रतिमाओं को भी नुकसान पहुंचाया. रामकुंड स्थित हनुमान मंदिर में प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर चांदी की आंखें उखाड़ दी गईं, जबकि शिव मंदिर से मुकुट चोरी कर लिया गया. आमा तालाब के पास दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी चोरी की घटना हुई है. पार्षद दीपक जायसवाल ने बताया कि यह वारदात दिनदहाड़े हुई जब मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी था. सुरक्षा के लिए मंदिरों में दिन के समय ताला नहीं लगाया जाता, जिसका चोरों ने फायदा उठाया. घटना में किसी नशेड़ी के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है. सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध को मंदिरों के आसपास घूमते और अंदर जाते हुए देखा गया है. पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. मंदिर में भगवान की प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचाने और चोरी की घटनाओं ने श्रद्धालुओं को आक्रोशित कर दिया है. वे आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और मंदिरों में सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं.

## अब बदायूं की जामा मस्जिद के नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा

**लखनऊ,1 दिसंबर।** यूपी में संभल जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे के बाद सर्वे के दौरान हुआ विवाद अभी सुर्खियों में है। इस बीच बदायूं में नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद विवाद भी कोर्ट में पहुंच गया है। यहां हिंदू पक्ष ने बदायूं की जामा मस्जिद को लेकर दावा किया है कि यहां पहले नीलकंठ महादेव मंदिर था।



यह मामला फिलहाल फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहा है जहां तीन दिसम्बर को सुनवाई होनी है। बदायूं के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अमित कुमार की अदालत ने इस मामले में 30 नवंबर को मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता की बहस सुनी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए तीन दिसम्बर की तारीख दी है।

यह मामला सबसे पहले 2022 में चर्चा में आया था। तब अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश संयोजक मुकेश पटेल ने दावा किया था कि वर्तमान में जिस जगह पर बदायूं की जामा मस्जिद है वहां पहले नीलकंठ महादेव का मंदिर था। उन्होंने वहां पूजा-अर्चना की इजाजत के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। जबकि मुस्लिम पक्ष बदायूं जामा मस्जिद के 850 साल पुरानी होने का दावा करता है। जामा मस्जिद पक्ष का कहना है कि इस मामले में हिंदू महासभा को ऐसी याचिका दायर करने का कोई अधिकार ही नहीं है।

## पोप ने की भारतीय संत नारायण गुरु की सराहना

**तिरुअनंतपुरम,1 दिसंबर।** दुनिया के शीर्ष ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने भारत के संत श्री नारायण गुरु की सराहना की है और उनके संदेश को पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक बताया है। पोप फ्रांसिस ने कहा कि नारायण गुरु का समाज सुधारक का संदेश 'आज की हमारी दुनिया के लिए प्रासंगिक है, जहां हमें लोगों और देशों के बीच असहिष्णुता तथा नफरत बढ़ने के उदाहरण देखने को मिल रहे हैं।' एर्नाकुलम जिले के अलुवा में श्री नारायण गुरु के सर्व-धर्म सम्मेलन के शताब्दी समारोह के अवसर पर शनिवार को वेटिकन में जुटे धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पोप ने यह बात कही। पोप ने कहा कि आज दुनिया में जो अशांति का माहौल है उसके लिए धर्मों की शिक्षाओं को न अपनाना भी कहीं न कहीं जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि गुरु ने अपने संदेश के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक जागृति को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पोप ने कहा कि गुरु ने अपने संदेश में कहा था कि सभी मनुष्य, चाहे उनकी जाति, धर्म और सांस्कृतिक परंपराएं कोई भी हों, एक ही मानव परिवार के सदस्य हैं। पोप ने कहा, 'उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी



भी तरह से और किसी भी स्तर पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'दुख की बात है कि कई समुदायों और लोगों को नस्ल, रंग, भाषा और धर्म के आधार पर रोजाना भेदभाव तथा तिरस्कार झेलना पड़ रहा है और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। खासकर ऐसा उन लोगों और समुदाय के साथ हो रहा है जो गरीब और कमजोर तबके के हैं।' पोप ने कहा, 'धर्मों की महान शिक्षाओं को नहीं अपनाना दुनिया में अशांति के लिए जिम्मेदार कारणों में से एक है।' नारायण गुरु को भारत के उन महान संतों में शुमार किया जाता है, जिन्होंने समानता का संदेश दिया। आज भी बहुजन राजनीति और सामाजिक वर्ग के लोगों के लिए वह एक नायक की तरह हैं। 22 अगस्त, 1956 को केरल के तिरुअनंतपुरम के पास एक गांव चेमपजंथी में मदन असन और कुट्टियम्मा के घर हुआ था। उनका परिवार एझावा जाति से संबंध रखता था और उस समय के सामाजिक मान्यताओं के अनुसार इसे अवर्ण' माना जाता था। छोटी उम्र से ही उनका आकर्षण तप की ओर था जिसके चलते वे संन्यासी के रूप में आठ वर्षों तक जंगल में रहे थे। उनको वेद, उपनिषद, साहित्य, हठ योग और अन्य दर्शनों का ज्ञान था। उन्होंने समानता का संदेश देते हुए एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर (ओरु जति, ओरु माथम, ओरु दैवम, मानुष्यानु) का प्रसिद्ध नारा दिया। उन्होंने वर्ष 1888 में अरुविप्पुरम में भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर बनाया, जो उस समय के जाति-आधारित प्रतिबंधों के खिलाफ था। उन्होंने एक मंदिर कलावन्कोड में अभिषेक किया और मंदिरों में मूर्तियों की जगह दर्पण रखा। यह उनके इस संदेश का प्रतीक था कि परमात्मा प्रत्येक व्यक्ति के भीतर है। मंदिर प्रवेश आंदोलन के वह अग्रदूत थे।

## महाराष्ट्र में सीएम पर सस्पेंस बरकरार

**मुंबई,1 दिसंबर।** महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर हो रही राजनीति पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा के बाद भी सीएम पद के उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस बना हुआ है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस सबसे आगे हैं। अजित पवार ने भी कह दिया है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। इन सब के बीच अटकलें हैं कि पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे नयी सरकार को आकार देने के तौर-तरीकों से वह खुश नहीं हैं। उनकी पार्टी के एक नेता ने कहा है कि वह जल्द कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं। प्रदेश भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने घोषणा की कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा। उन्होंने बताया कि समारोह दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में शाम पांच बजे होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस समारोह में शामिल होंगे। अभी तक यह घोषणा नहीं की गई है कि महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन भाजपा सूत्रों ने बताया कि फडणवीस इस शीर्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। एक भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी के विधायक दल का नेता चुनने के लिए दो दिसंबर को बैठक होगी। उन्होंने कहा कि इस बार फडणवीस को मुख्यमंत्री पद मिलने की संभावना है। एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने शनिवार को कहा, महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा और महायुति के अन्य घटकों से दो उपमुख्यमंत्री होंगे।

मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस के बीच, शिंदे के करीबी एवं शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार तक कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं। मंत्रालय आवंटित करने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनकी पार्टी को गृह विभाग मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि शिंदे को दरकिनार करने की कोशिशें की गईं। बता दें, शिंदे ने स्पष्ट कर दिया था कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री पद पर कोई भी फैसला उन्हें स्वीकार्य होगा। लेकिन उनपर शिवसेना नेताओं के एक समूह का दबाव है, जो मानते हैं कि उन्हें उप मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहिए, क्योंकि वह दो साल से अधिक समय से मुख्यमंत्री हैं। पार्टी नेताओं का एक और समूह इस बात पर जोर दे रहा है कि उन्हें नयी सरकार का हिस्सा होना चाहिए।

## धमतरी पासिंग गाड़ियों को टोल टैक्स फ्री करने की मांग

### एनएसयूआई और कांग्रेसियों ने टोल प्लाजा को घेरा

**भखारा,1 दिसंबर।** एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरौद के NHAI टोल प्लाजा का घेराव कर सीजी 05 पासिंग गाड़ियों का टोल टैक्स निःशुल्क करने और टोल प्लाजा में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया। और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।टोल प्लाजा की लूट नीति से हर कोई परेशान है. इस अन्याय के खिलाफ एनएसयूआई युवा कांग्रेस ने जंग छेड़ दी है ! इस प्रदर्शन में धमतरी विधायक ओंकार साहू,विधायक अम्बिका मरकाम,सभापति तारिणी चंद्राकर, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे,कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद लोहाना,महापौर विजय देवांगन,जनपद अध्यक्ष शारदा साहू,कुरुद नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामेश्वर साहू,शहर अध्यक्ष आकाश गोलछा,भखारा ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू,प्रदेश सचिव उदित साहू,जिला युकांध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी,कुरूद विधानसभा युकांध्यक्ष देवव्रत साहू,ब्लॉक यूकांध्यक्ष डुमेश साहू,युवा नेता व एनएसयूआई प्रदेश सचिव योगेश साहू, सभापति रोशन जांगड़े,चुम्मन दीवान,महामंत्री होमेन्द्र साहू , जनपद सदस्य गजेंद्र साहू,सरपंच रामचंद्र साहू,भाठागांव सरपंच खेमराज चंद्राकर,योगेश शर्मा, सचिन भंसाली,एनएसयूआई पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में जिला एवं कुरूद ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे



## आरक्षण के खिलाफ बोलना अपराध नहीं: कोर्ट

**मुंबई,1 दिसंबर।** जातिगत आरक्षण पर बोलना किसी समुदाय के खिलाफ नहीं माना जाता सकता और ऐसे मामले में एससी-एसटी ऐक्ट के तहत केस भी नहीं दर्ज हो सकता। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक केस की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। एक महिला ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ रिलेशनशिप खत्म करते हुए उसे वॉट्सऐप पर एक मेसेज भेजा था। शख्स का दावा था कि महिला ने वॉट्सऐप पर उसे जातिगत टिप्पणी करने वाला मेसेज भेजा और आरक्षण के खिलाफ भी टिप्पणी की। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा कि दो लोगों के बीच वॉट्सऐप पर हुई बात और खासतौर पर मेसेज फॉरवर्ड करने को इस दायरे में नहीं लिया जा सकता। बेंच ने कहा कि उस मेसेज में जातिगत आरक्षण पर टिप्पणी की गई थी और वह भी फॉरवर्ड मेसेज था। इस तरह महज आरक्षण पर टिप्पणी करना और वह भी व्यक्तिगत बातचीत को एससी-एसटी ऐक्ट



के दायरे में नहीं रखा जा सकता। यह कहते हुए अदालत ने महिला पर दर्ज केस को खत्म करने के निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि महिला ने सार्वजनिक तौर पर कोई जातिगत टिप्पणी नहीं की। शख्स को अपमानित नहीं किया और ना ही यह एससी-एसटी वर्ग के लोगों की भावनाओं को आहत करने वाली कोई बात थी। जस्टिस उर्मिला जोशी-फालके ने कहा, पूरे मामले को समझें तो पता चलता है कि वॉट्सऐप पर भेजा गया मेसेज जाति आधारित आरक्षण को लेकर था। ऐसे संदेश में ऐसा कुछ नहीं था, जिसे कहा जा सके कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों को अपमानित करने की कोशिश की गई। ऐसा लगता है कि महिला का साफ संदेश शिकायतकर्ता के लिए ही था। लेकिन उस महिला ने ऐसा कुछ भी नहीं लिखा, जिसे अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए अपमानजनक कहा जा सके या घृणा पैदा करने की कोशिश कहा जाए। दरअसल यह पूरा मामला नागपुर का है, जहां एक 29 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर का रिलेशन 28 साल की महिला से था। दोनों ही मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। दोनों ने रिलेशनशिप के बाद एक मंदिर में गुपचुप ही शादी कर ली थी। इस रिश्ते को उन्होंने अपने परिवारों से छिपा रखा था। हालांकि रिश्ता तब बिगड़ा, जब महिला को पता लगा कि वह शख्स अनुसूचित जाति का है। इसके बाद उसने संबंध कर लिए। रिश्ते बिगड़ने के दौरान ही उसने एक मेसेज भेजा था, जिसे आधार बनाते हुए शख्स ने केस दर्ज कर दिया और महिला के पिता को भी आरोपी बनाया।

## एक नजर

### इंस्टाग्राम में चाकू के साथ फोटो अपलोड करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई 1 दिसंबर।** इंस्टाग्राम में चाकू अपलोड करने वाले एक आरोपी को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद किया गया छावनी टीआई चेतन चंद्राकर ने बताया कि दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने अवैध हथियार , कटर, चाकू रखने वाले कि सूचना देने वाले को पुलिस के तरफ से 1000 रुपए का इनाम देने के अभियान के तहत छावनी पुलिस को सूचना मिली कि एक लड़के का चाकू के साथ फोटो इंस्टाग्राम अपलोड किया गया था। शनिवार को उक्त युवक को पकड़ा गया। जो अपना नाम करण साव होना बताया एवं उसके द्वारा लहराने वाला चाकू भी बरामद कराया।

### राहगीरों को धमकाने वाले आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई 1 दिसंबर।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र लोहे की धारदार चापड़ से राहगीरों को धमकाने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है बताया जाता है कि आरोपी आदतन बदमाश है और उसके खिलाफ 7 अपराधिक मामले दर्ज हैं वैशाली नगर प्रभारी अमीत अंदानी ने बताया कि रामनगर मुक्तिधाम के पास तालाब के सामने रोड पर आदित्य सिंह उर्फ टिड्डी धारदार चापड़ दिखाकर आने जाने वाले राहगीरों को डरा धमका रहा है सूचना मिलने पर वैशाली नगर थाने पुलिस टीम गठित की इसके बाद कर मौके पर रवाना किया गया जहाँ आदित्य सिंह उर्फ टिड्डी रोड पर आने जाने वाले लोगों को एक लोहे का धारदार चापड़ दिखाकर डरा धमका रहा था पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ा गया उसके पास से एक लोहे का धार दार चापड़ बरामद किया गया है।

### जीवन यह सिखाता है सीखो, मजबूत बनो, आगे बढ़ो: संदीप बरनवाल

**कवर्धा 1 दिसंबर।** संदीप बरनवाल ने बताया की आज शाम को मैं कवर्धा से घर, रायपुर पहुँचा तो कमरे में सेजू शांत शांत बैठी थी और पत्नी से पता चला कि कैट का आनसर की आ गया है और सेजू का इंबहलश वाला पेपर ख़राब हो गया है. मैंने कुछ ख़ास प्रतिक्रिया नहीं दिया. पास ही वाइफ आंवले लेकर बैठी थी कुछ बनाने के लिए. मैंने एक टुकड़ा काटकर माँगा और मुँह में रखा फिर एक और टुकड़ा माँगा और सेजू को भी मुँह में रखने को दिया. उसके पास बैठकर कुछ बातें कर उसको हौंसला दिया कि इसमें निराश होने की बात नहीं बल्कि और डटकर जुट जाना है । फिर उसके ही पानी के बोतल से पानी पीने को कहा और पूछा, पानी का स्वाद कैसा लगा? मीठा, स्वादिष्ट. वो बोली. क्यूँ? मैंने पूछा. बोली,आंवले के कारण क्यूंकि वो कसैला और खट्टा था. बस. वैसे ही जीवन में कड़वाहट और परेशानियों के बिना अगर कुछ मिल जाय तो स्वादिष्ट नहीं लगता है. जैसे वही पानी जो पहले सामान्य लगता था कड़वे आंवले को चखने के बाद अब मीठा और स्वादिष्ट लगने लगा. जीवन ऐसे ही सिखाता है. सीखो, मजबूत बनो और आगे बढ़ो. कभी भी किसी एक सफलता या विफलता से जीवन एकदम से खुशहाल या बदहाल नहीं होता है फिर वो रोते रोते मुस्कराने लगी ।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**भिलाई, 1 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 02 से 07 दिसम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 02 दिसम्बर 2024 को जेएलएन हॉस्पिटल के कुछ क्षेत्र, 03 दिसम्बर 2024 को खुर्सीपार जोन-2 व 3, 04 दिसम्बर 2024 को जेएलएन हॉस्पिटल के कुछ क्षेत्र, सेक्टर-6 व 9, रूआबांधा, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 05 दिसम्बर 2024 को टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर-05, सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-5, टीए बिल्डिंग, 06 दिसम्बर 2024 को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-2 का आधा हिस्सा, बीएमडीसी व रसियन कॉम्प्लेक्स तथा 07 दिसम्बर 2024 को मरोदा व रिसाली सेक्टर। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतः भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

### माटरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 116 लोगों की जांच

**भिलाई, 1 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्वास्थ्य मेला के अंतर्गत 29 नवंबर को ग्राम माटरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग से डॉ मोहनलाल, फार्मासिस्ट एस बी गौर व फिरोजा जोसेफ, पंजीयन हेतु शंभु दयाल तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ अमृता सिन्हा, सुरेश कुमार साहू, खुशी साहू एवं सीएसआर विभाग से बुधेलाल उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में कुल 116 लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

# खतरनाक कचरा जीवन एवं पारिस्थितिकी तंत्र के लिए घातक:चौबे

**भिलाई, 1 दिसंबर।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा बृहस्पतिवार 28 नवंबर को तेल एवं रसायन उद्योग में खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ श्वेता चौबे, प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं विभागाध्यक्ष, बेसिक साइंस, शासकीय इंजिनियरिंग महाविद्यालय, रायपुर थीं। विशेषज्ञ अतिथि वक्ता डॉ अजोय मंडल, सीईओ एवं प्रमुख वैज्ञानिक, एमआईईबीआरएस, नई दिल्ली थे। मुख्य अतिथि डॉ श्वेता चौबे ने अपने उद्बोधन का प्रारंभ मुंबई में सन् 2010 में समुद्री जहाजों के टकराव के बाद समुद्र एवं तटीय क्षेत्रों में हुए तेल के फैलाव से उत्पन्न हुई परिस्थितियों से की। उन्होंने इसकी वजह से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और मानव जीवन पर हुए दुष्प्रभाव की जानकारी दी। डॉ चौबे ने बताया कि उद्योग क्षेत्र में सर्वाधिक खतरनाक अपशिष्ट केमिकल इंडस्ट्री की उत्पादन प्रक्रिया में उत्पन्न होते हैं। डॉ श्वेता चौबे ने खतरनाक कचरे के प्रकार और उसकी छटाई, उसके भंडारण और निष्पादन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक और अन्य प्रक्रियाओं द्वारा खतरनाक और विषैले पदार्थों को कम



विषैले पदार्थों या हानि रहित पदार्थों में परिवर्तित करने के पश्चात ही निष्पादन किया जाना चाहिए। डॉ चौबे ने खतरनाक पदार्थों की प्रकृति के अनुसार उनके भंडारण की विधि को समझाया, उदाहरण स्वरूप जंग की प्रकृति के पदार्थ को यदि धातु के बक्से में रखा गया तो बक्से के गल जाने की संभावना है अतः भंडारण हेतु सही वस्तु का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भारत में विभिन्न राज्यों में उपलब्ध खतरनाक कचड़ों के उपचार के पश्चात भंडारण हेतु टी एस डी एफ सुविधा के बारे में जानकारी दी। डॉ चौबे ने नगरीय क्षेत्रों के कचरों में खतरनाक पदार्थों की उपस्थिति के बारे में बताया और उसके उचित निष्पादन पर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। विशेषज्ञ अतिथि वक्ता डॉ अजोय मंडल, नई दिल्ली ने अपने प्रस्तुतीकरण में भारत में खतरनाक अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन की स्थिति के बारे में बतलाया। उन्होंने उद्योगों में विभिन्न प्रकार के खतरनाक अपशिष्ट और उनके वर्गीकरण के बारे में जानकारी दी। मंडल ने रसायन उद्योग में उत्पन्न होने वाले खतरनाक कचड़ों और उनसे जुड़े विभिन्न हादसों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उद्योग जगत के खतरनाक कचड़ों के बारे में भारत सरकार एवं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कानून और नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। मंडल ने विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों में खतरनाक कचड़ों के डंपिंग के रोक लगाने संबंधी अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कानून की जानकारी दी। मंडल ने जैविक उपचार विधि द्वारा तेल उद्योग और रसायन उद्योग के खतरनाक कचड़ों और अपशिष्ट के इलाज के बारे में और अपने द्वारा इस क्षेत्र में किये गए कार्यों की जानकारी साझा की। स्वागत भाषण में पुनीत चौबे चेयरमैन, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूकता और ज्ञान साझा करना है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में आबादी की बढ़ोतरी के साथ कचरे की मात्रा भी बढ़ रही है। चौबे ने कहा कि खतरनाक कचरा मानव जीवन, जीव जंतुओं एवं पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत घातक है और इसके प्रबंधन और निष्पादन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। संस्था के मानसेवी सचिव बसंत साहू ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और सुश्री अस्मिता मुखर्जी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष पी के तिवारी, बी पी यादव, शिखर तिवारी, पूर्व सचिव डॉ नागेंद्र त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई शाखा के सम्मानित सदस्यगण, भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल रेफैक्टरी यूनिट भिलाई , बी आई टी, रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज, रसायन उद्योग के प्रतिनिधि और इंजिनियरिंग कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

# ई रिक्शा चोरी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 1 दिसंबर।** घर के सामने खड़ी ई-रिक्शा चोरी करने वाला निकला शातिर नकबजन अपने साथी के साथ मिलकर 1 वर्ष पूर्व एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात चोरी किया था पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात साहित, ई-रिक्शा बरामद किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर

ने बताया कि हरेकृष्णा साह निवासी सरकारी अस्पताल के पास बापू नगर खुर्सीपार ने रिपोर्ट दर्ज कराया की 16 नवंबर की शाम 5 बजे रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसने ई रिक्शा अपने घर के सामने (सरकारी अस्पताल के पास बापूनगर) में खड़ी किया था।सुबह 4 बजे सोकर उठा और बाहर जहाँ उसकी ई-रिक्शा खड़ी थी। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना खुर्सीपार में धारा 303 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद डीएसपी ( क्राइम ) हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में एवं एण्टी



क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक तापेश्वर नेताम एवं खुर्सीपार टीआई अम्बर सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित की घटना स्थल के आसपास एवं आवागमन के रास्तों में लगे सीसीटीवी फूटेज को खंगाल गया। इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि खुर्सीपार निवासी मिराज आलम( 23 साल)अपने पास एक बिना नम्बर की ई-रिक्शा रखा है। इसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में लगा हुआ है। सूचना पर टीम ने मिराज आलम को पावर हाऊस ब्रीज के पास ई-रिक्शा के साथ पकड़कर पूछताछ की। कड़ी पूछताछ करने पर उक्त ई-रिक्शा अपने साथी देना बैंक स्वीपर मोहल्ला निवासी शांता राव(25 साल )के साथ मिलकर बापू नगर सरकारी अस्पताल के पास से चोरी करना स्वीकार किया वर्ष 2023 में भी गौतम नगर में की थी चोरी इसी क्रम में मिराज एवं शांताराव से कड़ी पूछताछ के दौरान वर्ष 2023 में गौतम नगर जोन 01 खुर्सीपार में घर चोरी की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर सोने का हार 01 नग, सोने की चैन 01 नग, सोने का कंगन 01 जोड़ी, सोने की अंगूठी 02 नग सोने की बाली 04 नग, सोने की फुल्ली 01 नग, चांदी का पायल 01 जोड़ी एवं 01 नग ई-रिक्शा जुमला कीमती 7.50 लाख रू की मशरूका बरामद की गयी है।

## पीएम मोदी के सपने को साकार कर रहे हैं डिप्टी सीएम विजय शर्मा:रामकृष्ण साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 1 दिसंबर।** जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा की तारीफ करते हुए कहा की कबीरधाम जिले में गांवों और शहरों में डिप्टी सीएम विजय शर्मा की लगातार विकास की सौगात के कारण विकास की तस्वीर दिख रही है । कबीरधाम जिले में सड़को का जाल भी बिछ रहा है और सड़को का निर्माण प्रगति पथ पर है और चहुमुखी विकास धरातल पर दिखने लगी है । महिलाओं को एक हजार रुपया समय पर हर महीने मिल रहे है जिससे महिलाएं भी खुश है और अवैध शराब





बेचने वालो पर लगातार कारवाई हो रही है जो एक सराहनीय कदम है । जल जीवन मिशन योजना के तहत गुणवत्तायुक्त पानी टंकी का निर्माण भी दिख रही है और अधिकतर गांवों में पानी लोगो को अच्छे से मिल रही है जिससे महिलाएं सहित परिवार खुश है । कवर्धा , सहसपुर लोहारा और बोड़ला ब्लॉक में डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में विकास लगातार जारी है और डिप्टी सीएम की तारीफ करते हुए जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने कहा की पीएम मोदी के सपने को डिप्टी सीएम विजय शर्मा साकार कर रहे है ।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी 96 कर्मियों को विदाई

**भिलाई, 1 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से नवम्बर माह में कुल 96 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 10 कार्यपालक व 86 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। नवम्बर में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा



उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। 30 नवम्बर को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक विजय शर्मा ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

# डॉ. रमन सिंह खरखरा बांध से पाइप लाइन जुड़वाकर 24 घण्टे पानी दिलवाएं: हेमंत

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से शहर के विधायक डॉ. रमन साहब से यह मांग की है कि जिस तरह आपके मुख्यमंत्री कार्यकाल में राजनांदगांव शहर को अमृत मिशन योजना के अंतर्गत लगभग 210 करोड़ रूपयों की राशि की स्वीकृति नई पाइप लाईन के विस्तार और 24 घण्टे शहर की आम जनता को पर्याप्त मात्रा में पीने का शुद्ध पानी प्राप्त हो सके उस उद्देश्य से केन्द्र सरकार से यह अमृत मिशन योजना की राशि राजनांदगांव नगर पालिक निगम को भी प्राप्त हुई लेकिन दुर्भाग्य यह है कि राजनांदगांव शहर के विधायक जिस तेजी से राशि का आबंटन अपने कार्यकाल में शहर के विकास के लिए उपलब्ध कराते है यदि उस राशि का कितना उपयोग शहर की जनता के विकास के लिए हुआ और कितनी राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी उस पर यदि चिंतन मनन करते हुए ठोस कार्यवाही अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में दोषियों के खिलाफ हो जाती तो राजनांदगांव निगम सीमा में यह अमृत मिशन योजना फेल नहीं होती। श्री ओस्तवाल ने डॉ. रमन सिंह जी



को यह कहा कि जिस तरह से अमृत मिशन योजना 2 के लिए आपने लगभग 147 करोड़ रूपयो की स्वीकृति दिलायी है उसके लिए आपको शहर की आम जनता की तरफ और मेरे तरफ से भी धन्यवाद लेकिन साथ ही आपसे यह अनुरोध है कि इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए राजनांदगांव शहर की जनता के आप लगभग पिछले 25 वर्षो से जन प्रतिनिधि के तौर पर है और शहर के चप्पे-चप्पे की भौगोलिक स्थिति का आपको अनुभव चुनाव लडक़े मिल चुका है और राजनांदगांव जिले की जनता ने आपको हमेशा सर आँखो पर बैठाया है इसलिए जनता के हित में तत्काल अमृत मिशन योजना के अंतर्गत शासन के नियम विरूद्ध पूर्व महापौर श्री मधुसूदन यादव जी के कार्यकाल में मोहारा से लेकर खरखरा बांध तक लगभग 58 करोड़ रूपयों की राशि की नियम विरूद्ध जो पानी लाने के लिए पाईप लाईन बिछाई गई है लेकिन जल संसाधन विभाग के द्वारा उसकी अनुमति आज दिनांक तक राजनांदगांव नगर निगम को प्राप्त नही है इसलिए खरखरा बांध से पाईप लाईन कनेक्शन जोड़वाकर यदि आप दिखला देंगे तो यह राजनांदगांव शहर की जनता को खुशी होगी कि डॉ. रमन साहब पानी जैसी मूलभूत सुविधा में राजनीति से कोसो दूर रहते हैं और अपने कर्त्तव्य को भलीभांति समझते है, क्योंकि अब तो बदला पूरा वाली सरकार नही है और यदि खरखरा बांध से कनेक्शन नही जुड़वा पाते है तो यह समझ में आ जाएगा कि इसलिए पूर्व के भ्रष्टाचार के पाप को दबाने का प्रयास डबल इंजन की सरकार में भी हो रहा है? पूर्व में भूपेश बघेल के शासन काल में 5 वर्ष तक शहर की जनता को यह बतलाया गया कि बदला पूरा के चलते भूपेश बघेल राजनांदगांव का विकास नही होने दे रहे हैं लेकिन अब तो छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित इस देश में डबल इंजन की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में चल रही है।

# कौशल विकास पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 दिसंबर।** इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर के कौशल विकास प्रकोष्ठ ने पीएम उषा योजना के तहत संचारी अंग्रेजी में कौशल विकास पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। । कार्यशाला का उद्घाटन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव डॉ भूपेंद्र कुलदीप और संस्था की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने किया। इस अवसर पर डॉ कुलदीप ने करियर विकास में संचार में अंग्रेजी के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने आश्वासन दिया कि यह कार्यशाला निश्चित रूप से छात्रों के शब्दकोष और संचार कौशल को बढ़ाएगी। पीएम उषा योजना के समन्वयक डॉ संजय दास ने भी इस



तरह की कार्यशाला के उपयोग और आवश्यकता पर विस्तार से बताया। कौशल विकास प्रकोष्ठ और कार्यशाला के समन्वयक डॉ मेरिली रॉय ने कार्यशाला का कार्यक्रम बताया। डॉ रविंदर छाबड़ा (अंग्रेजी विभाग ), डॉ. दिनेश सोनी (वाणिज्य विभाग), डॉ. चांदनी मरकाम (समाजशास्त्र विभाग) और डॉ. एल. के. तिवारी (अंग्रेजी विभाग) कौशल विकास समिति के सदस्य हैं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता और विषय विशेषज्ञ श्री प्रवीण कुमार तिवारी थे। संचालन डॉ. रविंदर छाबड़ा और डॉ. एल. के. तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## समाचार संक्षेप

### आकाशवाणी से शिवनाथ शुक्ल की कहानी ऑटो वाला का प्रसारण 2 को

**भिलाई, 1 दिसंबर।** पत्रकार एवं कथाकार शिवनाथ शुक्ल की नई



कहानी ऑटो वाला का प्रसारण आल इंडिया रेडियो रायपुर से सोमवार, 2 दिसंबर 2024 को सवेरे 8.30 बजे किया जायेगा। ऑटो वाला शीर्षक कहानी में एक ऑटो चालक एवं एनसीसी कैडेट की मनोव्यथा एवं पारस्परिक संबंधों का मार्मिक चित्रण है। प्रशिक्षण से लौट रहे कैडेट का मोबाईल खो जाता है और वह ऑटो वाले पर संदेह करता है ! क्या यह संदेह सच निकलता है ? मोबाईल मिल पाता है या नहीं ? जिज्ञासा बनी रहती है और कहानी का अंत बड़े रोचक और कारुणिक दृश्य तक जाकर समाप्त होता है।

### गायत्री महामंत्र के साथ स्वाहा की ध्वनि से गूंज उठा 21 कुण्डीय यज्ञ मण्डप



**रायपुर1 दिसंबर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में रायपुर के बोरियाखुर्द में 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन प्रातः काल वेदिय पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ। यज्ञ के प्रारंभ होते ही पूरा यज्ञ मण्डप गायत्री मंत्र एवं स्वाहा-स्वाहा की ध्वनी से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालुजनों द्वारा पूरे भक्तिभाव से वैदिक महामंत्र-गायत्री मंत्र, महामृत्यंजय मंत्र, सूर्य मंत्र से जन कल्याण विश्व कल्याण व राष्ट्र जागरण के लिये सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की भावना के साथ यज्ञदेव में शाकल्य की आहुतियां समर्पित की गई। यज्ञ के दौरान विभिन्न संस्कारों का निःशुल्क आयोजन किया गया, जिसमें 04 महिलाओं का पुंसवन, 3 शिशुओं का नामकरण, 02 बच्चों का विद्यारंभ, 02 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 02 का जन्मदिवस संस्कार किया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने गुरुदीक्षा व मंत्रदीक्षा भी ली। यज्ञ के उपरांत भोजन प्रसाद का वितरण हुआ। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक श्री लच्छुराम निषाद, आयोजक श्री ऋषि साहू, संयोजक श्री मोहनलाल साहू एवं मीडिया प्रभारी श्री प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि दोपहर 03 बजे से कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. कुन्ती साहू दुर्ग के द्वारा उपस्थित महिलाओं को नारी सशक्तिकरण के बारे विस्तार से बताया गया। महाराष्ट्र मण्डल से श्री अजय काले जी द्वारा युवाओं के बीच नशे से होने वाले नुकसान व नशा उन्मूलन के बारे बताया गया। हरियाली दीदी के नाम से विख्यात श्रीमती पुष्पा साहू जी द्वारा घर में की जाने वाली उद्यानिकी को प्राकृतिक तरीके से कैसे विकसित करे विषय पर एवं प्राणेष विश्वास ने सप्तसूत्रीय आंदोलन के बारे में लगाई गई प्रदर्शनी के बारे बताया गया। आयोजन स्थल में छ.ग. शासन स्वास्थ्य विभाग एवं श्री महादेवम् मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेष सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया है, जिसमें आयुस्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया जा रहा है, जिसमें अनेक लोगो ने अपना परीक्षण भी करवाया। यज्ञ के दौरान विषेष रुप से स्थानीय पार्षद श्रीमती उमा चन्द्रहास निर्मलकर, श्रीमती सीमा संतोष साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधी श्री जितेन्द्र धुरंधर, सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधीगण सर्व श्री श्याम बैस, दिलीप पाणिग्रही, सदाशिव हथमल, के.के. साहू, रामकृष्ण साहू, हरिराम साहू, हीरालाल निषाद, आशीष राय, सीताराम, श्रीमती कृष्णा गजेन्द्र, श्रीमती अनोखी निषाद आदि उपस्थित रहें।

### मुर्गीपालन व्यवसाय से आर्थिक रूप से समृद्ध बनने का मिला अवसर

**मोहला 1 दिसंबर।** विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत उरवाही के श्री संजय के जीवन में अब समृद्धि ने दस्तक दी है। अब वह अपने जीवन को आर्थिक तन्हाई से दूर कर आर्थिक समृद्धि में जीवन व्यतीत करने लगा है। श्री संजय ने बताया कि वह मजदूरी के साथ खेती-किसानी का काम करता है। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में हमेशा तंगहाली होता था। इसके चलते वह अपने परिवार की जरूरत को पूरा



नहीं कर पता था। इस स्थिति में उन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय करने का निश्चय लिया और ग्राम पंचायत से संपर्क किया। ग्राम पंचायत के द्वारा मनरेगा के तहत उसके घर की बाड़ी में मुर्गी शेड बनाया गया है। मुर्गी शेड में वह 500 देसी मुर्गी का पालन कर रहा है। उन्नत एवं देशी नस्ल की मुर्गी पालन से उसे काफी अच्छी आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उसे अभी तक 50 हजार की आर्थिक आमदानी हो चुकी है। मुर्गी बेचकर मिली राशि से वह अपने परिवार की जरूरत को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुर्गी पालन से अब उसके घर में उमंग भर आया है। उन्होंने योजना के लिए शासन के प्रति आभार जताया है।

## एक नजर

### जेहोआश सर व मैडम ने दिया स्कूली बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट व नेवता भोज



**तिल्दा 1 दिसंबर।** नेवराशासन की महत्वपूर्ण योजना विद्यांजलि के अंतर्गत हमारे स्कूल की शिक्षिका संगीता रानी जेहोआश व बी एन बी के व्याख्याता जितेंद्र कुमार जेहोआश के द्वारा ररूहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 01 के बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट के रूप में स्वेटर व नेवता भोज कराया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ जैन (भाजपा महामंत्री) सुरेश लखवानी डॉक्टर खुमान वर्मा (समाज सेवक )संकुल प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी के कर कमलों के द्वारा क्रिसमस गिफ्ट( स्वेटर) प्रदान किया गया इस पुनीत कार्य के लिए सभी अतिथियों द्वारा एवं हेड मास्टर विनोद वर्मा , शिक्षक लक्ष्मी वर्मा सविता वर्मा कामनी देवांगन द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

### स्टार क्रिकेट कलब आवापल्ली के तत्वावधान में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बीजापुर 1 दिसंबर।** स्टार्स क्रिकेट क्लब आवापल्ली जिला स्तरीय रेड टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 के मुख्य अतिथि, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने धरती माता की पूजा अर्चनाकर व रिबन काटकर एवं प्रथम मैच इलमीडी एवं टाउन11बीजापुर के बीच टॉस करा के क्रिकेट प्रतियोगिता की शुभारंभ किए वा आयोजक समिति एवं सभी क्रिकेट प्रेमीओ को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस दौरान आवापल्ली के सरपंच श्रीमती मीनाक्षी जी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष श्री तीरथ जुमार जी, विधानसभा अध्यक्ष आई.टी.सेल सोशल मीडिया शंकर खटबीना जी, श्री हरे कृष्णा मूंज जी, वरिष्ठकांग्रेसी श्री राजू नोल्ली जी,एवं स्टार्स क्रिकेट क्लब आवापल्ली समिति के सदस्य श्री रूपेश राव श्री रामकृष्ण जी, श्री अनिल झाड़ी जी,रोहित जीबी,दिनेश नाग,राकेश माडकम,एवं सभी सदस्य व बड़ी संख्या में दर्शक गण उपस्थित है।

### डीआईजी, कलेक्टर एसपी एवं डीएफओ ने किया कोंडापल्ली स्थित नए पुलिस कैंप का आकस्मिक निरीक्षण



**बीजापुर 1 दिसंबर।** डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, एसपी डॉ जितेन्द्र यादव एवं डीएफओ श्री रंगनाथा रामकृष्ण वाय ने कोंडापली स्थित नया पुलिस कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंप में जवानों से वार्तालाप किया और हेलीपैड, स्कूल, आंगनबाड़ी, पीडीएस की दुकान सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया साथ ही हेल्थ कैंप की जानकारी ली और आवश्यक दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर आवश्यक चर्चा भी किए।

### यातायात नियमों का पालन करने दी गई समझाइश

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** आज दिनांक 30.11.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस द्वारा आटो/ई-रिक्शा वाहन चालकों का मीटिंग लिया गया जिसमें आटो संघ अध्यक्ष, डीजल ऑटो संघ रेल्वे स्टेशन एवं अन्य आटो, ई-रिक्शा चालक उपस्थित आये। मीटिंग में समझाईश दिया गया कि निर्धारित ऑटो स्टैण्ड में वाहन खड़ी करें, यातायात नियमों/सिग्नल का पालन करें।

# कलेक्टर ने छिंदगढ़ विकासखंड का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 1 दिसंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया और सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में आमजनों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें और उन्हें नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करें।




कलेक्टर श्री ध्रुव ने उप स्वास्थ्य केंद्र रानीबहल का निरीक्षण किया और नियमित रूप से साप्ताहिक रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आंगनवाड़ी रानीबहल में बच्चों को स्मार्ट टीवी के माध्यम से बेहतर शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने जाति, निवास और आमदनी प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों को समय सीमा में तैयार करने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला रानीबहल में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शाला परिसर में सौर लाइट के बेहतर उपयोग और पीने के पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इसके साथ ही स्कूल भवन की मरम्मत और पानी की निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाला परिसर में किचन गार्डन विकसित करने के लिए अवस्थी निर्देश दिए।

माध्यमिक शाला पुजारीपाल के औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने किचन गार्डन विकसित करने और बच्चों को पोषण से जुड़े पाठ पढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने गाँव में एक किसान द्वारा की जा रही हाइब्रिड उद्यानिकी खेती का भी अवलोकन किया और उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने किसानों को बेहतर फसल उत्पादन के लिए मल्टीक्रॉप फसल उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने प्राथमिक शाला धोबनपाल स्कूल निरीक्षण के दौरान बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीएससी श्री राजकुमार सेठिया को स्कूल में वॉल पेंटिंग करने और पढ़ाई का बेहतर वातावरण बनाने के लिए सराहना की। उन्होंने पानी के निकासी और स्वच्छता की उचित व्यवस्था करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने छिंदगढ़ विकासखंड में जर्जर हो चुके स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी स्कूलों में बिजली, पंखे और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में कचरा प्रबंधन हेतु गीले और सूखे कचरे के निपटारे वाहन को नियमित उपयोग में लाने के निर्देश दिए।

# सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत भाठागांव एवं तुमड़ीलेवा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों से संपर्क किया। उन्होंने हितग्राहियों से संपर्क कर योजनांतर्गत आवास निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने कहा। जिस पर हितग्राहियों ने आवास सामग्री संकलित कर आवास निर्माण कार्य को जल्द ही प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को निर्धारित मापदंड के अनुसार समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने कहा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय में आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को विशेष कार्यक्रम आयोजन कर सम्मान किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के संबंध में एवं किस्त प्राप्त होने की जानकारी दी। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि



किस्त राशि आवास निर्माण के अनुरूप जल्द प्राप्त होंगी, इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब नहीं होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला एवं जनपद स्तर के दल, तकनीकी सहायक, आवास नोडल अधिकारी, आवास योजना के कर्मचारी तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा विषय पर की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रानजांदगांव 1 दिसंबर।** दिनांक 30.11.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा संबंधी विषयों पर गहन चर्चा की गई जिसमें जिले के शहर एवं ग्रामीण थानों के थाना प्रभारीगण उपस्थित थे। शहर के राज इम्पीरियल चौक में भारी वाहनों के आवागमन से बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए रम्बलर ब्रेकर निर्माण कराया जाना अति-आवश्यक है। भदौरिया चौक के आगे डॉमिनस पिज्जा के पास सर्विस रोड मुख्य मार्ग से मिलती है एवं नेशनल हाईवे ढलान होने से वाहनो की गति अधिक होती जिससे सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती है। मुख्य मार्ग में जुड़ने से पहले सर्विस रोड में स्पीड ब्रेकर बनाया जाना आवश्यक है। आशा नगर मोड़ जीवन आवास कॉलोनी के पास ब्रेकर एवं रात्रि के समय हाई मास्क लाईट की आवश्यकता है। रामदरबार चौक से पहले नेशनल हाईवे ढलान होने से वाहनों की गति अधिक होती है जहॉ गति नियंत्रण हेतु रम्बलर ब्रेकर दुरस्त किया जाना है। सोमनी थाना क्षेत्रांतर्गत ब्लीज होटल में रांग साईड आने वाले वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जहॉ रोकथाम हेतु रांग साईड नही चलने हेतु साईन बोर्ड लगाकर जागरूक किया जा सकता है। साथ ही रांग साईड चलने वाले वाहनों पर मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा सकता है। अंजोरा बायपास के पास दुर्ग की ओर से आने वाले वाहन नेशनल हाईवे में प्रीति ढाबा के पास जुड़ते है जहॉ अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटित होती है। उक्त स्थान में मार्ग चौड़ीकरण एवं ट्रैफिक सिग्नल लगाकर रोड एक्सीडेंट को कम किया जा सकता है। टेडेसरा चौक के पास हाई मास्क लाईट लाईट की आवश्यकता है। नेशनल हाईवे में संचालित होटल/ढाबा संचालकों को ढाबा के सामने हाईवे में वाहन खड़ा नही करने पत्राचार किया गया। चिचोला में नेशनल हाईवे में रात्रि के समय वाहन बिना इंडिकेटर जलाये वाहन खड़ी करते है, जिससे अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। चिचोला झूरा नदी के पास अंधा मोड़ होने एक्सीडेंट की घटनाएं अधिक होती है जहॉ जिग-जैग स्टॉपर, स्पीड ब्रेकर बनाकर रोड एक्सीडेंट पर कमी लाई जा सकती है। नेशनल हाईवे में कोलिहापुरी के पास रोड में खड़ी वाहनों को हटाया जाना आवश्यक है। लालूटोला चौक के पास हाई मास्क लाईट, ब्रेकर की आवश्यकता है। फरहद चौक में शहर से बाहर एवं डोंगरगांव की ओर से आने वाले वाहन तेजी से आते है, जहॉ फरहद चौक के पास स्पीड ब्रेकर, हाई मास्क लाईट एवं ट्रैफिक सिग्नल लगाना आवश्यक है। बालोद जाने वाले मार्ग हल्दी मोड़ नदी के पास अंधा मोड़ होने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।



### शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर गाली व धमकी देने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा 1 दिसंबर।** 28 नवंबर को प्रार्थी हरीश कुमार ठाकुर कनिष्ठ यंत्री विद्युत वितरण केन्द्र तिल्दा अन्य अधिकारी/कर्मचारियो के साथ बकाया राशि वसूली हेतु टोहडा वितरण केन्द्र के अंतर्गत ग्राम मानपुर तुलसी में गये थे। ग्राम तुलसी मानपुर में उपभोक्ता देवप्रकाश पिता लालजी सोनवानी के निष्क्रिय बकाया राशि भुगतान हेतु संपर्क करके जाने पर एवं निरीक्षण के दौरान उक्त परिसर में एलटी लाईन से डायरेक्ट हुकिंग (विद्युत चोरी) करके अनाधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग करना पाने पर अधिकारियो के द्वारा पंचनामा तैयार करने के दौरान आरोपी कामता सोनवानी एवं भागचंद सोनवानी अधिकारी/कर्मचारियो के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट किये जिससे विद्युत विभाग की टीम भयभीत होकर डायरेक्ट हुकिंग करने का पंचनामा तैयार नही कर पाये जिसकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर आज दिनांक 30.11.2024 को आरोपीगण मिलने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** क्रेडा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा दक्ष पंपों के चयन संचालन, संधारण एवं सुरक्षा की जानकारी तथा नवीनतम तकनीकों को अवगत कराने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में किसानों के साथ कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यशाला में अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग करने से न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। कार्यशाला से प्राप्त जानकारी से कृषक सौर कृषि पंप का चयन, संचालन व संधारण कर ऊर्जा एवं जल संरक्षण में अधिक दक्षता से कर सकेंगे।

### महिला जेल बंदी गृह में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**रायगढ़, 1 दिसम्बर।** विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। श्री जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन तथा श्रीमती अंकिता मुदलियार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के नेतृत्व में महिला जेल बंदी गृह रायगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला जेल रायगढ़ के महिला बंदी गृह में निरुद्ध महिला बंदियों को एचआईवी संक्रमण के बारे में जागरूकता लाने एवं एड्स के बारे में शिक्षित करने और इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रयास करने हेतु जानकारी दिया गया। श्रीमती कांति तिवारी काउंसलर, एनजीओ रायगढ़ के द्वारा जेल में निरुद्ध महिला बंदियों को एचआईवी से जुड़े कई मिथक की जानकारी दी गई, जैसे यह एक आम मिथक है कि एचआईवी केवल यौन संचारित होता है, एचआईवी संक्रमित खून, सीरम या अन्य शरीर के तरल पदार्थो के संपर्क में आने से भी फैल सकता है, यह एक और आम मिथक है कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को पहचानना आसान है, जबकि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति दिखने में सामान्य हो सकता है। श्रीमती पुष्पा पटेल, काउंसलर, एनजीओ रायगढ के द्वारा महिला बंदियों को बताया कि एचआईवी संक्रमण के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं है और एचआईवी संक्रमण के शुरूआती चरण में कोई लक्षण दिखाई नहीं दे सकते हैं।



**तिल्दा नेवरा 1 दिसंबर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा में जीवन दीप समिति की बैठक लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बलौदा बाजार विधायक केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का अस्पताल में बीएमओ और कर्मचारियों ने स्वागत किया इस दौरान मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा का निरीक्षण कर मरीजों का कुशलक्षेम जाना और स्वास्थ्य अधिकारियों को उचित निर्देश दिए।



**तिल्दा नेवरा 1 दिसंबर।** ग्राम पंचायत सड्डू, तिल्दा में आयोजित प्रतिभा महिला सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा गांव में पहुंचे जिनका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया आयोजन में मंत्री जी सम्मिलित होकर ग्राम की मातृ शक्तियों के सम्मान किया मंत्री वर्मा ने कहा कि महतारी वंदन हमारा संकल्प ही नहीं सामान्य जीवन चरित्र भी होना चाहिए क्योंकि ये माताएँ हैं, तो हम हैं।

# 6 माओवादी जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 1 दिसंबर।** जिला बीजापुर के थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत नड़पल्ली- फुटापल्ली के जंगलों से प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री एवं प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री सहित 06 माओवादी जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार, कब्जे से विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन की प्रचार- प्रसार की सामग्री, माओवादी साहित्य बरामद। जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना उसूर से थाना उसूर, कोबरा 205 एवं केरिपु 196 का बल गलगम, नड़पल्ली, फुटापल्ली की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी । अभियान के दौरान नड़पल्ली और फुटापल्ली के जंगल से 06 माओवादी जन मिलिशिया सदस्यो को विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, एवं माओवादी साहित्य के साथ पकड़ा गया :-



लक्ष्मण दूधी (जनमिलिशिया सदस्य) पिता पोज्जा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पुजारी कांकेर थाना उसूर, देवा सोढ़ी (जनमिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 हुंगा उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम पुजारी कांकेर स्कूल पारा थाना उसूर जिला बीजापुर, नरसिम्मा सुंकर ऊर्फ नरसिम्हा शंकर (जनमिलिशिया सदस्य) पिता बुच्चैया उम्र 42 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर थाना उसूर , मोहन राव आऊल (जनमिलिशिया सदस्य) पिता रामैया आऊल उम्र 29 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर जिला बीजापुर, नागराज शुकर (जनमिलिशिया सदस्य) पिता सत्यम उम्र 25 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर थाना उसूर, गोपाल सुंकर (जनमिलिशिया सदस्य) पिता लक्ष्मैया उम्र 28 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर थाना उसूर जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना उसूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

# आयुर्वेद केवल इलाज प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार न पड़े, इसकी व्यवस्था है: डॉ. रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहर के मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरू घासीदास भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 75 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 10 लाख रूपए की लागत से गुरू घासीदास भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 37.17 लाख रूपए की लागत से बने हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में येलोपैथी से हटकर आयुर्वेद और योगा की बड़ी मान्यता है। पहले बड़ी संख्या में लोग ईलाज के लिए केरल, बैंगलोर और हैदराबाद में पंचकर्म कराने के लिए जाते थे। आज पंचकर्म की सर्वसुविधा यहां उसी पद्धति से चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है। पंचकर्म के माध्यम से सभी प्रकार की बीमारियों का ईलाज किया जाता है। आयुर्वेद में केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है। इसमें सभी प्रकार की दिनचर्या या ऋतुचर्या, योग, प्राणायाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं आयुर्वेद के चिकित्सक है और जीवन की शुरूआत इसी से की। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में आयुष विभाग का गठन किया और आज छोटे-छोटे स्थानों में इस प्रकार के शिविर लग रहे हैं। आयुर्वेद के तहत शत-प्रतिशत गारंटी के साथ बिना किसी रियेक्शन एवं एलर्जी के यहां पर ईलाज की व्यवस्था होती है। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा एक साथ योग नृत्य प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही सार्वजनिक रूप से प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास कराने वालों को भी बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह ने कहा कि 25 लाख रूपए की लागत से मोतीपुर रेल्वे क्रासिंग से लेकर मुक्तिधाम तक डामरीकरण, वार्ड नंबर 3 में मंगल भवन के लिए 25 लाख रूपए, बड़े तालाब के किनारे नाली निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, सड़क किनारे पेवर ब्लॉक के लिए 11 लाख 50 हजार रूपए, फुलवारी पारा में नाली निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, वार्ड नंबर 8 की गलियों में सीसीरोड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, मुक्तिधान में नाली निर्माण के लिए 38 लाख रूपए, मुक्तिधाम में बाउंड्री निर्माण के लिए 18 लाख रूपए और वार्ड नंबर 3 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन लोगों में विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। शहरी स्वास्थ्य योजना जब लागू हुई तब यहां स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हुआ था। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र के निरंतर विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है और आने वाले समय में विस्तृत रूप लेगा। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास आम जन को स्वस्थ रखना है और इसके लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों ही संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आयुष को एक अलग मंत्रालय के रूप में बनाया गया और इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी आ रही है। राज्य सरकार के प्रयास से आम जन को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, इससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य जारी है। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की मांग भी रखी। इससे पहले जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ विभागीय प्रतिवेदन का वाचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने योग नृत्य का प्रदर्शन भी किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, श्री खुबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री कोमल सिंह राजपूत, पार्षद श्री शिव वर्मा, श्री किशुन यदु, श्री कमलेश बंधे, श्रीमती रंजू मदन यादव, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** नाबालिक नातिन को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा कर ले जाने की रिपोर्ट करने पर पुलिस चौकी तुमडीबोड में अपराध क्र. 518/24 धारा 137(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा सर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक सर के दिशा निर्देशन पर पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 29/11/2024 को पीडिता को हैदराबाद के पंचवटी कॉलोनी मनी कोण्डा तेंलगाना से आरोपी अजय कंवर पिता परदेशी कंवर उम्र 22 वर्ष पता - पुराना करेला, पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के कब्जे से बरामद कर प्रकरण में धारा-64(ड),65(1)बी.एन.एस. 4, 6



पाक्सो एक्ट जोडकर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को आज दिनांक 30.11.2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी.कैलाश चंद्र मरई, सउनि अनिल यादव, आर. 1273 लोकेश साहू, आर. 74 दुर्गा प्रसाद, म.आर. 1128 अर्पणा एक्का का कार्य सराहनीय रहा।

## कार्तिक आर्यन के साथ दिखी मिस्ट्री गर्ल,क्या ये है नए प्यार की शुरुआत?

बॉलीवुड के चहेते अभिनेता कार्तिक आर्यन एक बार फिर सुर्खियों में हैं, और इस बार वजह है उनकी लव लाइफ! हाल ही में कार्तिक को एक रहस्यमयी लड़की के साथ देखा गया, जिससे फैंस के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या 'रूह बाबा' का दिल किसी ने चुरा लिया है? हालांकि कार्तिक ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन फैंस कयास लगा रहे हैं कि यह लड़की कोई और नहीं बल्कि काशिका कपूर हो सकती हैं। काशिका कपूर, जो अपनी खूबसूरती और बढ़ती लोकप्रियता के लिए जानी जाती हैं, हाल ही में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। कुछ महीने पहले, कार्तिक और काशिका को एक साथ एयरपोर्ट पर देखा गया था, जब वे अपनी फिल्म का प्रमोशन कर रहे थे। दोनों की हंसी-मजाक और केमिस्ट्री ने फैंस का दिल जीत लिया था। सोशल मीडिया पर फैंस ने उन्हें ₹आदर्श जोड़ी₹ कहा था। हालांकि, इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उनकी केमिस्ट्री ने अफवाहों को हवा दे दी है। काशिका, जो इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना रही हैं.



## जॉर्जिया एंड्रियानी ने हाथ से पेंट की हुई आइवरी लहंगा और बर्ड ब्लाउज में बिखेरा जलवा

जॉर्जिया एंड्रियानी अपने ग्लैमरस अंदाज में हमेशा दिल जीतती हैं, और इस बार उन्होंने डिज़ाइनर आशना वासवानी के हाथ से पेंट किए गए शानदार लहंगे में बेमिसाल खूबसूरती दिखाई। इस लहंगे की कीमत 65,000 है जॉर्जिया एंड्रियानी अपने क्लासिक और मॉडर्न फैशन को सहजता से मिलने के लिए जानी जाती हैं। अगर आप मेहंदी फंक्शन के लिए या ब्राइड्समेड के रूप में पहनने के लिए एक परफेक्ट लहंगा तलाश रही हैं, तो इस वेडिंग सीजन में जॉर्जिया के इस फ्लोरल लहंगे से प्रेरणा ले सकती हैं। हाल ही में, जॉर्जिया ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह डिज़ाइनर आशना वासवानी द्वारा डिज़ाइन किए गए लहंगे में नजर आईं। उन्होंने एक शानदार आइवरी हैंड पेंटेड लहंगा और येलो हल्टर नेक-शेप बर्ड ब्लाउज पहना था। इस लुक का मुख्य आकर्षण येलो हल्टर नेक क्रॉप टॉप था, जिसमें जटिल फ्लोरल एंब्रॉयडरी की गई थी। मोतियों, सिक्विन और क्रिस्टल की परतों से बने पत्ते और फूलों की 3D डिजाइन इसे चमकदार और आकर्षक बनाते हैं। सफेद लहंगे की स्कर्ट ने पूरे लुक को संतुलन और शालीनता दी। यह शानदार कोटा डोरिया फैब्रिक से बनी हुई थी, जिसमें गुलाबी, हरे और पीले रंगों के बड़े-बड़े स्टाइलिश फूल और पत्तों की कढ़ाई की गई थी।



## खेल खेल में: रहस्यों का रोमांचक खेल सोनी मैक्स पर प्रसारित

खेल खेल में अक्षय कुमार, फरदीन खान, वाणी कपूर, एमी विर्क, तापसी पन्नू, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'खेल खेल में' की वर्ल्ड टीवी रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। मुदस्सर अज़ीज़ द्वारा निर्देशित यह सस्पेंस ड्रामा एक रोमांचक मोड़ लेता है क्योंकि रहस्यों का एक खेल सामने आता है। फिल्म दोस्तों के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक दिलचस्प खेल में शामिल होते हैं। वहां उनके मोबाइल फोन पर प्राप्त किसी भी कॉल या संदेश का विवरण पूरे ग्रुप के साथ साझा करना होता है। जो कुछ शुरू में मजेदार लगता है, वह जल्द ही छिपी हुई सच्चाइयों का रहस्योद्घाटन बन जाता है। चैनल पर फिल्म की रिलीज से पहले निर्देशक मुदस्सर अज़ीज़ ने फिल्म के रूपांतरण और प्रेरणा के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। मुदस्सर अज़ीज़ ने कहा, ₹कहानी एक इतालवी फिल्म से रूपांतरित की गई है फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम करते समय अजीज को भारतीय दर्शकों के साथ तालमेल बिठाने के लिए कहानी बुनने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि, कहानी लिखने के दौरान जिस होटल में वे ठहरे थे, वहां एक शादी समारोह आयोजित हो रहा था। कहानी को एक साथ जोड़ने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कुंजी थी। 'खेल खेल में' दर्शकों को कई तरह की भावनाओं से रूबरू कराता है.




## अपने वॉलेट में क्या रखते हैं कलाकार

हमारी वॉलेट में अक्सर जरूरी चीजें होती हैं, लेकिन कई बार इनमें कुछ खास चीजें भी होती हैं-जैसे एक तस्वीर, एक छोटा सा नोट, या कोई प्रिय याद। ये छोटी-छोटी चीजें हमें रोज़ यह याद दिलाती हैं कि हमारे जीवन में असली मायने रखने वाली चीजें क्या हैं। एण्डटीवी के कलाकार, जो अपनी बेहतरीन प्रतिभा और स्क्रीन पर मजबूत मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं, अपनी वॉलेट में ऐसी यादें रखते हैं जो हमेशा उनके साथ रहती हैं। इनमें शामिल हैं रवि महाशब्दे (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), अमित भारद्वाज ('भीमा' के मेवा), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर में हैं' के मनमोहन तिवारी)। 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे रवि महाशब्दे ने कहा, '' मैं अपने वॉलेट में एक चीज हमेशा रखता हूं और वह भगवान गणेश की फोटो, और यह फोटो बचपन से ही मेरे साथ है। इसकी मेरे दिल में एक खास जगह है, ना केवल आध्यात्मिक प्रतीक के रूप में बल्कि यह मुझे लगातार याद दिलाती है कि उनका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है। कई बार ऐसा समय भी आया है जब मेरा वॉलेट पूरी तरह खाली था, लेकिन उनकी उपस्थिति कभी कम नहीं हुई। भगवान गणेश को बाधाओं को दूर करने वाले और ज्ञान के देवता के रूप में जाना जाता है, वे हमेशा मेरे जीवन में एक मार्गदर्शक शक्ति रहे हैं। उनकी फोटो को साथ रखकर मुझे ऐसा महसूस होता है कि मेरे पास विश्वास, सुरक्षा और सकारात्मकता सब कुछ है। फिर चाहे मैं कहीं भी क्यों ना हूं। इस फोटो को देखकर मुझे ताकत और शांति मिलती है, खासकर चुनौती के समय में और यह मुझे पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने की याद दिलाती है।'' 'भीमा' में मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने बताया, ''मेरे वॉलेट में एक चीज हमेशा होती है और वह है मेरी पत्नी एवं बेटी वाली एक फैमिली फोटो। इस फोटो की मेरे लिए बहुत भावनात्मक अहमियत है। यह एक तस्वीर से कहीं बढ़कर है, इसे देखकर मुझे हमेशा शक्ति, आशा और खुशी मिलती है। जब भी मैं उदास होता हूं या फिर जीवन की चुनौतियों से निराशा एवं अनिश्चितता महसूस करता हूं, उनके मुस्कुराते चेहरों को देखकर मेरा मनोबल तुरंत बढ़ जाता है और मुझे सकारात्मकता एवं साहस से भर देता है। यह फोटो मेरी एंकर है, जो मुझे यह याद दिलाती है कि मैं जिस प्यार और सपोर्ट से घिरा हूं, वह हमेशा मेरे साथ है, चाहे मैं कहीं भी हूं।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश यानी गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''मेरे वॉलेट में एक चीज हमेशा होती है और वह है एक सूखा हुआ फूल, जो मुझे मेरे कॉलेज के दिनों में एक प्यारे दोस्त ने दिया था। हालांकि, यह बहुत नाजुक और मुरझाया हुआ है लेकिन इसकी मेरे लिए भावनात्मक अहमियत बहुत ज्यादा है।



## सुमित कौल सोनी सब के 'तेनाली रामा' में धोखेबाज़ी में माहिर

सोनी सब का लोकप्रिय शो तेनाली रामा एक रोमांचक मोड़ के साथ टेलीविजन स्क्रीन पर वापसी करने के लिए तैयार है। इसमें एक नया किरदार गिरगिट पेश किया गया है, जिसे प्रतिभाशाली सुमित कौल निभा रहे हैं। गिरगिट सिर्फ एक और विरोधी नहीं है; वह एक जटिल किरदार है, जिसका भेस बदलने का हुनर और चालाक स्वभाव उसे प्रिय दरबारी तेनाली रामा के लिए एक बड़ी चुनौती बनाता है। गिरगिट की प्रतिभा मानव स्वभाव को पढ़ने की उसकी अद्भुत क्षमता में निहित है। गिरगिट बिल्कुल गिरगिट की तरह अपने आस-पास के माहौल में आसानी से ढल जाता है, भेस बदलने की अपनी महारत का इस्तेमाल करते हुए वह किसी भी भूमिका में ढल जाता है, चाहे वह एक साधारण नौकर हो या एक महान दरबारी। बदलाव की यह बेजोड़ प्रतिभा उसे एक छायादार व्यक्ति बनाती है, जो हमेशा एक कदम आगे रहता है और जिसे पहचानना लगभग असंभव है। इस भूमिका पर सुमित कौल ने कहा, "गिरगिट एक अनूठा किरदार है। मैंने आज तक ऐसा किरदार नहीं निभाया है। जटिलताओं से घिरा हुआ, हमेशा साजिशें रचने वाला और अप्रत्याशित हरकत करने वाला। भेस बनाकर माहौल में शामिल होने और अपने मनचाहे तरीके से स्थिति को अपने पक्ष में करने की क्षमता उसे एक बड़ा खलनायक बनाती है। क्रिएटिव टीम ने गिरगिट के लुक में आकर्षक विवरण जोड़े हैं, जैसे गिरगिट का टैटू और उसकी प्रतीकात्मक कांच की आंख, जो उसे और भी अधिक डायनामिक बनाती है। वह एक ऐसा खलनायक है जिसकी ओर दर्शक आकर्षित होंगे, उसके डार्क स्वभाव के बावजूद मैं उसे जीवंत करने को लेकर रोमांचित हूं।" गिरगिट को जो चीज वास्तव में आकर्षक बनाती है, वह है भेस बदलने की उसकी महारत। वह सहजता से पूरी तरह से अलग-अलग व्यक्तित्वों में बदल सकता है - एक दरबारी, एक नौकर, या एक रईस - जिससे उसे पहचानना लगभग असंभव हो जाता है। यह गिरगिट जैसी क्षमता उसे सत्ता संरचनाओं में घुसपैठ करने और अपने आस-पास के लोगों को बरगलाने, उनसे अपनी इच्छा के अनुसार काम कराने की अनुमति देती है। चाहे वह साफ नजरों में छिपा हो या छाया से काम कर रहा हो, गिरगिट की उपस्थिति हमेशा एक खतरा है।



# तीजा के लुगरा-2 को महिलाओं का जबरदस्त रिस्पॉन्स




**रायपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को रिलीज हुई छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म तीजा के लुगरा 2 में दर्शकों ने भरपूर प्यार दुलार मिल रहा है । खासकर महिला वर्ग द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है अपार भीड़ को देखते हुवे 34 सेंटर्स में फिल्म का प्रदर्शन दूसरे सप्ताह भी जारी है सारे कलाकारों के अभिनय को दर्शकों द्वारा पसंद किया जा खासकर भाई बहन के प्यार को बेहद पसंद कर रहे करण खान एवं प्रकाश अवस्थी के बेजोड़ अभिनय क्षमता दर्शकों को अपने ओर आकर्षित कर रही फिल्म के संवादों पर तालियां भी बजी, कर्णप्रिय गानों में डांस भी किया जा रहा है साथ ही सभी कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने हाथों हाथ लिया। कसी हुई पारिवारिक पटकथा और उम्दा संवादों के साथ भरपूर एक्शन और कमाल का गीत संगीत इस फिल्म को पिछले कुछ महीनो में आई फिल्मों से बेहतर बना दिया है। फिल्म के प्रीमियर में निर्माता निर्देशक मनोज वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, अनुपम वर्मा, पूरन किरी स्वयं अभिनेता करन खान, अभिनेत्री रश्मि देवांगन, रिंकू रज़ा समेत फिल्म के टीम मेंबर उपस्थित रहे।निर्देशक विजय गुमगांवकर एवं निर्माता राजन सूर्यवंशी दशकों से मिले प्यार और दुलार के लिए तीजा के लुगरा 2 की टीम ने सभी का धन्यवाद अदा किया।

## रजत और लावण्या के रिश्ते के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के मिशन पर निकलती है बानी

सोनी सब के 'बादल पे पांव है' में बानी (अमनदीप सिद्धू) की कहानी दिखाई गई है, जो आर्थिक तंगी के बावजूद अपने परिवार की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध एक प्रेरित युवती है। हाल के एपिसोड में बानी एक साहसिक कदम उठाती है और रजत (आकाश आहूजा) को तलाक के कागजात सौंपती है, यह मानते हुए कि रजत ने उसके स्थान पर लावण्या (भाविका चौधरी) को चुना है। हालांकि, वह इस बात से अनजान है कि रजत की हरकतें लावण्या के ब्लैकमेल से बानी को बचाने के लिए हैं। इसके अलावा जज तलाक को मंजूरी देने से पहले जोड़े को छह महीने तक साथ रहने का आदेश देता है, जिससे दर्शकों को सुलह की उम्मीद जगती है। आगामी एपिसोड में बानी कोर्ट के आदेश के बाद लावण्या के घर में प्रवेश करती है और रजत के साथ रहना का तय करती है इस वजह से बानी को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसमें लावण्या दोनों के बीच गलतफहमियां पैदा करने के लिए हर मौके का इस्तेमाल करती है। सच्चाई को उजागर करने के लिए दृढ़ संकल्पित बानी खन्ना परिवार के विरोध के बावजूद लावण्या के घर में एक सहायक के रूप में काम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आती है।



## तेनालीराम, कालजयी भारतीय प्रतिभा - क्या बात उन्हें आज भी प्रासंगिक बनाती है?

आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जहाँ हम अपने दैनिक मुद्दों को सुलझाने के लिए इंटरनेट और तकनीक का सहारा लेते हैं, वहीं एक ऐसे व्यक्ति को आज भी याद किया जाता है जिसने 16वीं शताब्दी में अपनी बुद्धि और बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करके स्मार्ट समाधान पेश किए थे। विजयनगर के राजा के प्रिय सलाहकार तेनाली राम की कहानियाँ और जीवन मूल्यवान सबक देते हैं जो आधुनिक समय में भी प्रासंगिक हैं। अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, करुणा और रचनात्मक समस्या-समाधान के लिए पहचान रखने वाले तेनाली भारत के अब तक के सबसे महान प्रतिभाशाली लोगों में से एक हैं। वे एक ऐसे प्रतीक हैं जिनकी विरासत समय से परे है। तेनाली की सदाबहार कहानियों को टेलीविजन दर्शकों के लिए सोनी सब अपने मशहूर शो तेनाली राम के नए एपिसोड के साथ वापस ला रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे उनकी बुद्धिमत्ता आज भी गूंजती है।

**तेनाली की प्रतिभा**-कृष्णदेवराय के नेतृत्व में विजयनगर समृद्धि, संस्कृति और कूटनीति का प्रतीक था, और तेनाली के योगदान ने इसकी महानता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि और रचनात्मक समस्या-समाधान ने उन्हें न केवल शाही दरबार में बल्कि आम लोगों के बीच भी सम्मान दिलाया। चतुर रणनीतियों के साथ पड़ोसी राज्यों को मात देना या हास्य और निष्पक्षता के साथ आंतरिक विवादों को सुलझाना, तेनाली की बुद्धि, बुद्धिमता और सहानुभूति के अनूठे मिश्रण ने उन्हें एक अपूरणीय सलाहकार बना दिया। कॉन्टिलो एंटरटेनमेंट के सीईओ और सोनी सब के तेनाली रामा के निर्माता अभिमन्यु सिंह तेनाली की प्रतिभा पर विचार करते हुए कहते हैं, ₹तेनाली की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक हिंसा का सहारा लिए बिना आक्रमणकारी राजाओं को मात देने की उनकी क्षमता थी। उदाहरण के लिए, जब एक राजा ने विजयनगर को धमकाया, तो तेनाली ने दुश्मन को पीछे हटाने के लिए धोखा देने के लिए भेस बदलकर सैनिकों को शामिल करते हुए एक चतुर चाल बनाई। इससे पता चलता है कि दिमागी ताकत अक्सर क्रूर बल को हरा सकती है - कुछ ऐसा जो आज हमारी दुनिया में सच है।₹



**तेनाली के बुनियादी मूल्य:**सहानुभूति और हास्य अभिमन्यु तेनाली को बुद्धिमत्ता, हास्य, रचनात्मकता और सहानुभूति के एक दुर्लभ संयोजन के रूप में चित्रित करते हैं। ₹तेनाली केवल एक समस्या-समाधानकर्ता नहीं था; उसने अपने दिल से जटिल परिस्थितियों को संभाला।

# ड्रग कार्टेल को विफल करने का प्रयास करते हैं



मुंबई, नवंबर, 2024: सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' मध्यवर्गीय वागले परिवार के दैनिक संघर्षों और उसमें मिलने वाली जीत की कहानी है। आने वाले एपिसोड में शो बच्चों के ड्रग्स की तस्करी में फंसने की बढ़ती चिंता को दर्शाएगा। कहानी तब एक आश्चर्यजनक मोड़ लेती है जब राजेश (सुमित राघवन) के कार्यालय में चॉकलेट का एक पार्सल आता है, जिसमें ड्रग्स मिला होता है। जब पुलिस चॉकलेट में मिलावट के रहस्य को सुलझाने की कोशिश करती है, तो राजेश और सखी (चिन्मयी साल्वी) भी जांच करते हैं और रहस्यमयी पार्सल के पीछे की सच्चाई को उजागर करने का प्रयास करते हैं। सखी की जांच में एक नया मोड़ तब आता है जब वह अपने अतीत से एक परिचित चेहरे करेन (ज़ैन नबील) से टकराती है, जो पूर्व जर्मन एक्सचेंज स्टूडेंट है, जो एक बार एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान वागले परिवार से मिला था। सखी को यह जानकर आश्चर्य होता है कि करेन ने संदिग्ध पार्सल पहुँचाया था। बाद में वह कबूल करता है कि वह ड्रग कार्टेल की नापाक धमकियों और ब्लैकमेल का शिकार हो गया है, और उसे उनके पार्सल पहुंचाने के लिए मजबूर होना पड़ा। वागले दंपत्ति खुद को दोहरे मिशन पर पाते हैं, पहला कार्टेल और उनकी ड्रग डिलीवरी को रोकना और दूसरा करेन को इस मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकलने में मदद करना। क्या राजेश और सखी अपने चुनौतीपूर्ण मिशन में सफल होंगे? राजेश वागले की भूमिका निभाने वाले सुमित राघवन ने कहा, ₹इस ट्रैक के माध्यम से शो आज की दुनिया में एक वास्तविक और आवश्यक मुद्दे पर प्रकाश डालता है: निर्दोष लोगों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी और कैसे यह खतरा दूर-दूर तक फैल रहा है। यह एक शक्तिशाली कहानी है। हमें उम्मीद है कि यह जागरूकता पैदा करेगी और ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को शक्तिशाली बनाएगी। कहानी में करेन हमेशा वागले परिवार के बीच परेशान करने वाले हालात में फंसा मिलता है और अपने साथ कुछ चुनौतियां लेकर आता है। पहले, सखी के लिए उसका प्यार परिवार को परेशान करता था, और अब ड्रग युक्त चॉकलेट पहुंचाने में उसका शामिल होना।"

# बड़ी चुनौतियों से घिरे किरदार!

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शकों को बहुत दिलचस्प एवं मनोरंजक कहानियां देखने को मिलेंगी। एण्डटीवी के अटल के बारे में कृष्णा देवी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''अटल हैजा के इलाज के लिए धन जुटाने की कोशिश में परेशान है और खुद को असहाय महसूस करता है। एक लड़की, जिसके पिता का निधन हो चुका है, दूसरों की जान बचाने के लिए अटल को कुछ पैसे देती है। वहीं, जिसने पहले उसे ठुकरा दिया था, वह भी मदद करता है। पूरा मोहल्ला, अटल की पिछली मदद के लिए आभारी है और उसकी सुरक्षित वापसी के लिए उपवास रखता है। ब्रिटिश अधिकारी अटल को पैसे के लिए गिड़गिड़ाने पर मजबूर करता है। इसी बीच, कृष्णा देवी हैजा पीड़ितों की मदद के लिए धन जुटाने का फैसला करती है। मोहल्ले के अन्य लोग भी पैसे और गहने दान करते हैं। हालांकि, एक जूनियर अधिकारी रिपोर्ट करता है कि हैजा तेजी से फैल रहा है, जिसके बाद ब्रिटिश अधिकारी पूरे कैंप को जलाने का आदेश देता है।'' एण्डटीवी के 'भीमा' के बारे में मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने कहा, ''कैलाशा बुआ घोषणा करती है कि भीमा अगली महुआ बनेगी, जोकि अभाव का जीवन जीने वाली बेहद दुखी महिला थी। भीमा को मुश्किलों में फंसाने के लिये कैलाशा बुआ उसके पिता मेवा और अंकल छबीला को बुरी तरह से पिटवा देती है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता है और संकट की इस घड़ी में भीमा को इस मामले में दखल देने के लिए मजबूर होना पड़ता है!''एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह, ऊर्फ योगेश त्रिपाठी ने बताया, ''राजेश घर में सभी को खुश रखने के लिये लगातार काम करती है। हालांकि, उसकी तारीफ करने के बजाए कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) अक्सर उसकी आलोचना करती हैं। बच्चे भी उसकी कोशिशों को हल्के में लेते हैं और उसके साथ मजाक करते रहते हैं। ऐसे में राजेश को लगता है कि उसकी परवाह किसी को नहीं है। अचानक एक चौंकाने वाला ट्विस्ट आता है और राजेश का अपहरण हो जाता है। उसके जैसी दिखने वाली एक औरत घर में उसकी जगह ले लेती है। राजेश की यह हमशक्ल परिवार में भूचाल लेकर आती है। वह हप्पू (योगेश त्रिपाठी) से दूरी बनाकर रखती है, बच्चों से कठोर अनुशासन का पालन करवाती है और कटोरी अम्मा से भी रूखा व्यवहार करती है। कटोरी अम्मा और बच्चे, बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) के घर रहने चले जाते हैं। उसी रात राजेश की हमशक्ल अपने बॉस शेट्टी से बात करती है और उसे बताती है कि सब-कुछ उनकी योजना के मुताबिक हो रहा है। मलाइका (सोनल पंवार) उसकी बातें सुन लेती है और परिवार को सचेत कर देती है। वह खुलासा करती है कि उनके साथ रह रही महिला राजेश नहीं, बल्कि कोई बहुरूपिया है।''

एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी कहानी के बारे में अंगूरी भाबी, ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने बताया, ''अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) और विभूति (आसिफ शेख) एक मूवी डेट प्लान करते हैं, लेकिन डेविड चाचा को अपने साथ आने से मना कर देते हैं। चाचा का दिल टूट जाता है और वह



तिवारी (रोहिताश्व गौड़) के घर पहुँचते हैं, लेकिन वहाँ भी उनसे दूरी बना ली जाती है। उपेक्षा का अनुभव करते हुए वह एक टी स्टॉल पर जाते हैं, इस उम्मीद में कि टीका (वैभव माथुर), टिल्लू (सलीम जैदी) और दूसरे लोगों के साथ कैरम खेलेंगे। लेकिन वे लोग भी उन्हें अपने खेल में शामिल नहीं करते हैं। आखिरकार, चाचा सक्सेना (सानंद वर्मा) के घर जाते हैं और सक्सेना उनका दिल से स्वागत करता है और उनकी परेशानियाँ सुनता है। दुखी होकर चाचा बताते हैं कि उन्हें अकेलेपन और डिप्रेशन का अनुभव हो रहा है। इस बातचीत के दौरान चाचा को लंदन में बैठे उनके वकील का फोन आता है और वह बताता है कि लंबे समय से टल रहे उनके प्रॉपर्टी केस का फैसला कल आ सकता है। घर लौटते वक्त चाचा का सामना तिवारी से होता है और वह उनका मजाक उड़ाता है। रात में चाचा को सारी बातें सोचकर बड़ी खीज आती है और वे तिवारी को पीट देते हैं। अगले दिन अंगूरी (शुभांगी अत्रे) और तिवारी मिलकर चाचा के बर्ताव की शिकायत अनीता से करते हैं। अनीता उन्हें कड़ी डांट लगाती है, लेकिन इस बीच चाचा को वकील का कॉल आता है और वह बताता है कि उन्होंने केस जीत लिया है। बाद में सक्सेना, विभूति को बताता है कि चाचा के दुखी होने का कारण उनका कोई जीवनसाथी नहीं होना है।

# सर्दियों में आपके चहेते सितारों के पसंदीदा

सर्दियों का मौसम आते ही खाने-पीने की ललचाने वाली चीजों के लिये लोगों का प्यार बढ़ जाता है। साल के इस मजेदार वक्त में एण्डटीवी के कलाकार सर्दियों के लिये अपने पसंदीदा स्नैक्स और मुँह में पानी लाने वाली उन चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आनंद उन्हें लेना है। यह कलाकार हैं आयुध भानुशाली ('अटल' के नन्हें अटल), स्मिता सेबल ('भीमा' की धनिया), योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' के अंगूरी भाबी)। 'अटल' में नन्हें अटल की भूमिका निभा रहे आयुध भानुशाली ने बताया, ''सर्दियों में मुझे सिर्फ अपनी माँ के हाथों से बने स्वादिष्ट गुजराती पकवानों का इंतजार रहता है। ताजी मौसमी सब्जियों, मेथीमुठिया और खुशबूदार मसालों से बना उनका उंधियु खाकर मुझे आनंद मिलता है। मेरे टिफिन में उसका होना जरूरी है और मेरे साथी कलाकार भी उसे चखने से खुद को रोक नहीं पाते हैं! मेरी दूसरी पसंदीदा चीज है थेपला, जो मीठे आम के अचार या दही के साथ बढ़िया लगता है, जबकि मेथीनागोटा का मजा हरी चटनी के साथ आता है। घर की बनी यह चीजें मेरे साथ 'अटल' के सेट पर घर का स्नेह एवं प्यार लेकर आती हैं।'''भीमा' में धनिया की भूमिका निभा रहीं स्मिता सेबल ने कहा, ''मैं पारंपरिक व्यंजनों के लिये सर्दी के मौसम का इंतजार करती हूँ। मुझे झुणका और थेचा के साथ भाकरी पसंद है, जो कि दिल को सुकून देने वाला एक मसालेदार मिश्रण है। तिल के बीजों और गुड़ से बने लड्डू भी मेरे पसंदीदा हैं। यह मुझे दादी माँ के किचन का प्यार याद दिलाते हैं। ठंडी रातों में केसर और ड्राय फ्रूट्स मिलाकर बनाया जाने वाला मसाला दूध मुझे बहुत अच्छा लगता है। और पूरन पोली की मिठास का तो कोई जवाब ही नहीं है, जो सर्दियों के लिये महाराष्ट्र में काफी खाई जाती हैं।



## स्पेशल ट्रैक्स के साथ दोगुना एन्टरटेनमेंट!

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' इस सप्ताह अपनी खास कहानियों के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा देवी का किरदार अदा कर रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''हैज़ा से पीड़ति लोगों की जान नहीं बचा पाने के कारण अटल बहुत दुःखी है। हालांकि, उनके पिता, कृष्ण बिहारी वाजपेयी, उन्हें दिलासा देते हैं और याद दिलाते हैं कि लोगों ने उनकी भलाई के लिए उपवास रखा और उनका साथ दिया है। अटल लोगों का शुक्रिया अदा करने जाते हैं, लेकिन इस बीच दरोगा भाटिया भावना के पिता को अटल को सपोर्ट करने के आरोप में गिरफ्तार कर लेता है। जब भावना अटल को अपने पिता की गिरफ्तारी के बारे में बताती है, तो अटल तुरंत पुलिस स्टेशन पहुंच जाते हैं। दरोगा भाटिया अटल से एक कबूलनामा पत्र पर हस्ताक्षर करने की मांग करता है और बदले में भावना के पिता को रिहा करने का प्रस्ताव देता है। अटल दरोगा से कहते हैं कि वह उसे वही देंगे जो वह चाहता है, लेकिन किसी निर्दोष को कष्ट सहने नहीं देंगे। बाद में, दरोगा भाटिया मोहल्ले के लोगों को इकट्ठा करता है और घोषणा करता है कि अटल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और वह कभी वापस नहीं आएंगे।''

एण्डटीवी के 'भीमा' में मेवा का किरदार अदा कर रहे अमित भारद्वाज ने बताया, ''अपने पिता मेवा और चाचा छबीला के इलाज के पैसे भरने के लिये भीमा को डांस करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। भीमा के पिता और चाचा को कैलाशा बुआ के आदेश पर बुरी तरह से पीटा गया है, जिससे दोनों को बहुत चोटें लगी हैं।''

# स्वयं का नवनिर्माण करना ही सच्ची समाज सेवा है : अंशू बहन

- रासेयो की बौद्धिक परिचर्चा में सम्मिलित हुई ब्रह्माकुमारी बहने, बताई प्रकृति व मानव समाज को सकाश देने की विधि
- निजी कचना धुवा कॉलेज का सात दिवसीय विशेष शिविर गरियाबंद जिले के ग्राम सारागांव में आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 1 दिसम्बर।** शिक्षा एक ऐसा साधन है, जो व्यक्ति को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराता है और समाज मे सार्थक योगदान देने में सक्षम व सुसंस्कृत व्यक्ति के रूप में विकसित करता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र खड़मा से पहुंची ब्रह्माकुमारी अंशु बहन ने ग्राम सारागांव में कचना ध्रुवा कॉलेज छुरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा के दौरान कॉलेज छात्र-छात्राओ को उक्त बातें कही। ब्रह्माकुमारी बहन ने आगे है।

कहा कि आज के युवाओं में आत्म-नियंत्रण, भावनात्मक परिपक्वता और नैतिक शक्ति की कमी है। आंतरिक शून्यता का अनुभव करते हुए, वे ड्रग्स, शराब, अनैतिकता, हिंसा, और आसामाजिक व्यवहार की ओर आकर्षित होते है।नतीजन, समाज मे नैतिकता के मानकों में गिरावट देखी जा रही है। अतः: युवा वर्ग को इन विकट परिस्थितियों ऊपर उठना है तो जीवन मे सकारात्मक सोच एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करे, कर्म व कर्तव्य के प्रति जागरूक, कर्मशील एवं कर्तव्य निष्ठ बने। युवा स्वयम



सेवको को कहा कि जीवन मे नैतिकता एवं आध्यात्मिकता आवश्यक है। यह जीवन मे सौहार्द मिलनसारिता, उदारता, प्रेम, शांति, खुशी, पवित्रता, दिव्यता आदि अलंकरणों के साथ एक अच्छा इंसान बनाते है।आध्यात्मिक शिक्षा, अज्ञानता, अन्धविश्वास और सामाजिक बुराइयों को दूरकर जीवन मे दिव्यता को जागृत कर दिव्य अनुभूति कर सकते है। यह तभी होगा जब हम खुद को जाने की मैं कौन, यही स्वयं का ज्ञान ही मूल्यों की पहचान कराएगा जो जीवन को सुंदर बना देगा। उन्होंने कहा कि स्वयं का नव निर्माण करना ही समाज का नवनिर्माण करना है।यही सच्चे समाज सेवा है। ब्रह्माकुमारी अंशु बहन ने प्रकृति एवं मानव, विश्व समाज के प्रति शुभ - भावना एवं शुभकामनाएं रखते हुए मन की सकाश देकर सेवा करने की विधि ड्रील कराई।वही रासेयो स्वयं सेवक कॉलेज छात्र-छात्राओ ने ब्रह्माकुमारी अंशु बहन का तिलक, आरती, पुष्प वर्षा कर स्वागत किये।वही ग्राम प्रधान सरपंच ने शॉल श्रीफल एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आर.आर.कुर्रे ने मोमेंटो एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापिका, एन. यादव, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किये। वही ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से आये राजयोगी बी.के गोविन्द एवं बी.के.हेमलाल प्रधान पाठक का सहायक कार्यक्रम अधिकारी तरुण निर्मलकर ने रासेयो की मोमेंटो भेट कार सम्मानित किये। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी प्राध्यापक विनोद यादव, सुश्री आरती साहू, रासेयो स्वयं सेवक कॉलेज छात्र-छात्राये व ग्रामवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### प्रकाश मोदी भाटापारा, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के एक्सपर्ट पैनल के मेंबर बनाए गए



**भाटापारा, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के व्यवसाई, छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष, पारस टीवी चैनल के डायरेक्टर, नाउ रिपोर्टर न्यूज़ के डायरेक्टर, को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के आदेशानुसार एक्सपर्ट पैनल में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के अंतर्गत कार्य करने का लाभ प्राप्त होगा। प्रकाश मोदी की नियुक्ति में भाटापारा नगर से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा, रायपुर लोकसभा के सांसद ब्रजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत की विशेष अनुशंसा रही। प्रकाश मोदी ने दिल्ली जाकर अल्पसंख्यक आयोग में राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा एवं सदस्य जीन्नाप्पा धन्य कुमार गुंडे से अपना कार्यभार प्राप्त किया, । भारत सरकार के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर उनका भी मार्गदर्शन, आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रकाश मोदी की नियुक्ति पर प्रेस ट्रस्ट ऑफइंडिया के पूर्व सदस्य प्रदीप जैन दैनिक विश्व परिवार, विनोद बडजात्या उद्योगपति, नरेंद्र गुरु कृपा, गौरव गदिया, पीयूष जैन अध्यक्ष जैन समाज भाटापारा, नवीन गदिया, विनोद जैन कोयला परिवार बिलासपुर, राम रतन मूंदड़ा, बिहारी अग्रवाल, राकेश तिवारी महामंत्री बीजेपी, शिव गुप्ता, डॉ विक्रम आड़ील, आदि अनेक गणमान्य नागरिक एवं संस्थाओं ने बधाई प्रेषित की है

## एक नजर

### विजय मर्चेंट ट्राफी के लिए भाटापारा के गुणवंत अवस्थी का हुआ चयन

**भाटापारा, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंचल के उदीयमान खिलाड़ी



गुणवंत अवस्थी का चयन भारतीय कंट्रोल बोर्ड आफ इंडिया द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ है। वे छत्तीसगढ़ राज्य को अंडर 16 कैटेगरी के लिए प्रतिनिधित्व करेंगे। वे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका अदा करेंगे। विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ की 16 सदस्य टीम शिमोगा कर्नाटक के लिए 30 नवंबर को रवाना होगी। शिमोगा कर्नाटक में छत्तीसगढ़ का मुकाबला हिमाचल प्रदेश, पंजाब, सौराष्ट्र, चंडीगढ़ और दिल्ली राज्यों से होगा। यह जानकारी सियोन क्रिकेट अकादमी के कोच सुमित सिंह द्वारा दी गई। विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ राज्य 6 दिसंबर से अन्य राज्यों से भिड़ेगी। गुणवंत स्वास्थ्य के चयन होने पर कोच सुमित सिंह, ओंकार वर्मा, किशन भाट, पुलक निरंजन अवस्थी (पिता), सपना अवस्थी( माता), दीपक पांडे (मामा ), गौरव शर्मा, नितिन ओझा रिकी यादव, नीलम जेम्स, अभिषेक फिलिप, निर्मल जांगड़े (क्रीडा शिक्षक ), शरद पंसारी( क्रीडा शिक्षक ), नानक साहू, दीनू पटेल (जिला खेल शिक्षा अधिकारी), मनीष दास ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जनप्रतिनिधि सुनील यदु, अश्वनी शर्मा, दिलीप यादव सूरज भोई, अविनाश शर्मा, अभिषेक दास ने आशीर्वाद देकर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। गुणवंत अवस्थी सियोन क्रिकेट अकादमी के रेगुलर खिलाड़ी हैं। वे वर्तमान में बिलासपुर जिला से जिला स्तरीय मैच खेल रहे हैं।

### जिला जेल में बंदियों को दिया जा रहा है सिलाई और राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला जेल प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विचाराधीन कैदियों के लिए जिला जेल में कौशल प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इस क्रम में जिला जेल में कौशल प्रशिक्षण के तहत 60 विचाराधीन बंदियों को सिलाई और राजमिस्त्री के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसके अलावा भविष्य में स्ट्रीट फूड वेंडर, कंप्यूटर जैसे अन्य व्यावसायिक कोर्स जल्द ही शुरू किए जाएंगे। बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के योग्य बनाना बंदियों की पुनर्वास प्रक्रिया का महत्वपूर्ण पहलू है। यह पहल न केवल बंदियों की पुनर्वास प्रक्रिया को सशक्त बनाती है, बल्कि उन्हें अपराध की दुनिया से दूर एक नई शुरुआत करने का अवसर देती है। यह समाज के प्रति एक सकारात्मक संदेश है कि हर व्यक्ति को दूसरा मौका दिया जाना चाहिए। जिला जेल दंतेवाड़ा की यह अभिनव पहल अन्य जिलों और राज्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### सोलर लाइट मामले में जांच दल गठित

# क्रेडा विभाग ने कहा, हमसे नहीं लिया गया कोई प्राक्कलन





- 15 वे वित्त की राशि में हुई करोड़ों का बंदरबांट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 1 दिसम्बर।** नारायणपुर जिले में इन दिनों ग्राम पंचायतों में 15 वे वित्त की राशि का सोलर लाइट और सोलर पानी टंकी लगाने के नाम पर किए गए बंदरबांट करने का मामला गर्माया हुआ है जिसमें कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ही बंदरबांट कर जांच करने की मांग की नौटंकी करने का आरोप लगाया था जिस पर वन मंत्री केदार कश्यप ने जिला प्रशासन को न्याय संगत कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिस पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने चार सदस्यों की जांच कमेटी गठित की है जो ग्राम पंचायतों जाकर जांच कर रही है जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही है। वही क्रेडा विभाग के अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा सोलर लाइट और सोलर पानी टंकी लगाने के लिए अब तक कोई आवेदन विभाग को नहीं दिया है और विभाग ने कोई प्राक्कलन तैयार नहीं किया है। जब क्रेडा विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का प्राक्कलन तैयार ही नहीं किया गया तो ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट और सोलर पानी टंकी लगाने के नाम पर क्या फर्जी प्राक्कलन लगाकर बंदरबांट किया गया वो तो अब जांच रिपोर्ट आने पर ही सामने आएगा। छत्तीसगढ़ में सत्ता में काबिज होने से पहले भाजपा ने वादा किया था भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने का, अब भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है क्या जांच रिपोर्ट आने के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही होगी या फिर मामला कागजों में ही सब जायेगा ये एक बड़ा सवाल है ?

नारायणपुर जिले में इन दिनों सबसे बड़ा मुद्दा 15 वे वित्त की राशि में लाखों से लेकर करोड़ों रुपए की राशि का बंदरबांट किए जाने का मामला गर्माया हुआ है जिसकी शिकायत कई बार जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने के चलते भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हो गए ओर 15 वे वित्त की राशि का दुरुपयोग का खेल निरंतर जारी है चाहे ओर सोलर लाइट का मामला हो या सोलर पानी टंकी लगकर पाइप लाइन बिछाने के नाम पर राशि का आहरण करने की बात हो। जिसको लेकर सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर सोलर लाइट के नाम पर किए जा रहे 15 वे वित्त की राशि के दुरुपयोग पर कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर प्रदेश के वन मंत्री और स्थानीय विधायक केदार कश्यप ने जिला प्रशासन को न्याय संगत कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे वही कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार कर जांच करने की नौटंकी करने का आरोप लगाया था। वही पूरे मामले पर अब जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने चार सदस्यों की टीम बनाई है जो ग्राम पंचायतों में जाकर जांच कर रिपोर्ट पेश करेगी जिसके बाद कार्यवाही होगी। वही इस पूरे मामले पर क्रेडा विभाग के अधिकारी विजय कुमार ध्रुव ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी आवेदन प्राक्कलन तैयार करने को विभाग को दिया है।

## पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक कृष्णानंद शुक्ला को दी गई विदाई



**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 30 नवम्बर को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक श्री कृष्णानंद शुक्ला का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री कृष्णानंद शुक्ला पुलिस विभाग मे दिनांक 19.06.1982 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात दिनांक 09.12.2012 को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। श्री कृष्णानंद शुक्ला पूर्व में जिला रायपुर के कई थानों में पदस्थ रहे हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना भाटापारा शहर, सिमगा, पलारी, सुहेला, राजादेवरी आदि थानों में पदस्थ होकर कार्य किए हैं। अभी वर्तमान में रक्षित केन्द्र में पदस्थ होकर कार्यरत थे। श्री कृष्णानंद शुक्ला पुलिस विभाग में लगभग 42 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर आज दिनांक 30.11.2024 को सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री कृष्णानंद शुक्ला के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया।

# छुरा ब्लाक पत्रकार संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी चुने गए





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 1 दिसम्बर।** छुरा ब्लॉक पत्रकार संगठन का चुनाव स्थानीय विश्राम गृह में रखा गया था, क्षेत्र के बीस पत्रकार साथी उपस्थित थे,अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार नरेंद्र तिवारी,यशवंत यादव,देवसिंह रात्रे थे,तीन दावेदार होने के कारण मतदान परिक्रिया के तहत मतदान किया गया जिसमें नरेंद्र तिवारी को बहुमत के अधार पर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया।वहीं संरक्षक अशोक दीक्षित, दिलीप बघेल, सलाहकार अब्दुल समद खान रिजवी,संतोष जैन,उपाध्यक्ष परमेश्वर राजपूत,कुलेश्वर सिन्हा,महासचिव परमेश्वर यादव,सचिव तेज राम ध्रुव,कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव ईमरान मेमन,सह सचिव अविनाश पाण्डेय, कुमारी यामिनी चन्द्राकर, मिडिया प्रभारी विकास ध्रुव,किशन सिन्हा, कार्यकारणी सदस्य यशवंत यादव,परस सिन्हा,भूपेंद्र सिन्हा,उज्वल जैन,भूपेंद्र गिरी गोस्वामी,देवसिंह रात्रे,मानसिंह निषाद,मेष नंदन पाण्डेय,भूपेंद्र सिन्हा को मनोनीत किया गया।

## 70 प्लस के बुजुर्ग के 5 लाख तक के मुफ्त इलाज के लिए बनाए जा रहे कार्ड



**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान वय वंदन अब 70 साल वालों को मिलेगा 5 लाख का आयुष्मान कार्ड. केंद्र सरकार क़ी घोषणा के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार ने 70 वर्ष क़ी उम्र पूरा करने वाले हर स्त्री पुरुष चाहे वह किसी भी आय वर्ग का हो का नया आयुष्मान कार्ड बनाना प्रारम्भ कर दिया है इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के वृद्धा आश्रम में विशेष शिवर का आयोजन कर बुजुर्गों का 5 लाख का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इस प्रकार विप्र समाज के सहयोग से पंडित वाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका में नगर के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान पंजीयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी समाज वरिष्ठ नागरिकों ने शामिल होकर 5 लाख का आयुष्मान पंजीयन कराए शिविर में 70 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया । सभी बुजुर्गों को कराना होगा पंजीयन, आधार कार्ड की ही अनिवार्यता जिले नोडल अधिकारी ने बताया है। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के किस क्षेत्र में कितने 70 प्लस आयु वर्ग के लोग ग्रामीण बलौदाबाजार में 8940, शहरीय बलौदाबाजार 1159, ग्रामीण भाटापारा 6774,शहरीय भाटापारा 2757, शहरीय लवन 444, ग्रामीण कसडोल 10,660 शहरीय कसडोल 695,ग्रामीण पलारी 8471,शहरीय पलारी 387 ग्रामीण सिमगा 8236, शहरीय सिमगा 632 शहरीय टुंन्ड्रा 539 शामिल है।

### पोखरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

# शिविर में प्राप्त 351 आवेदनों में अधिकतर का किया गया निराकरण

- शिविर में विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल हुए शामिल
- शिविर में हितग्राहियों को किया गया सामग्री वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 1 दिसम्बर।** जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पोखरा में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण उद्योग, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं से संबंधित 351 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। शिविर में विधायक एवं कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया। इस दौरान उत्कृष्ट मितानिनों का सम्मान, मछली जाल वितरण, श्रवण यंत्र, फसल बीज, स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म के तहत सुपोषण किट भी प्रदान किया गया।

शिविर में विधायक साहू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए माह में दो बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से शिविर स्थल सहित आसपास गांवों के लोगों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर तेजी से निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। मीलरों के हड़ताल के कारण कुछ जगह बारदानों में दिक्कत आयी थी, जिसकों जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता में लेते हुए बारदानों की व्यवस्था खरीदी केन्द्रों में की जा रही है। उन्होंने किसानों से धान खरीदी के दौरान परेशान नहीं होने एवं सुचारू खरीदी में सहयोग बनाए रखने की अपील भी की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, एसडीएम विशाल महाराणा, सरपंच, पंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज पोखरा में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र अंतर्गत गांवों में समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि शासन के मंशानुरूप जिले में प्रत्येक माह 2 बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के जो लोग जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है। उन लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभदायक है। शिविर में सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणजनों की मांग, समस्या एवं शिकायतों को सुनकर उनका अधिक से अधिक शिविर स्थल पर ही निराकरण करने का प्रयास करते है। गरियाबंद जिले को शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए चयनित किया गया है। जिसका ग्राम पंचायतवार छूटे हुए लोगों का सर्वे कर लिया गया है। जिसमें 37 प्रकार की हितग्राहीमूलक सेवाएं शामिल है। इन सेवाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर भी लगाए जायेंगे। जिसमें पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले के खरीदी केन्द्रों में बारदानों की व्यवस्था तत्परता के साथ की जा रही है।

## कलेक्टर ने पीएससी टॉपर रविशंकर वर्मा को दी बधाई

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2023 के परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने ग्राम कोसमंदी निवासी टॉपर रविशंकर वर्मा को विडियो कॉल के जरिए बधाई दी। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा नवाचार कार्यक्रम हम होंगे कामयाब अंतर्गत जिले के युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देने के लिए श्री वर्मा को आमंत्रित किया। श्री वर्मा ने भी आमंत्रण को स्वीकार करते हुए आगामी दिनों बलौदाबाजार आने की बात कही। उन्होंने बताया की वे वर्तमान में कोरिया जिले रोजगार अधिकारी के रूप में पदस्थ हु, प्रशासनिक अकादमी निमोरा में अभी ट्रेनिंग चल रही है। इस दौरान उन्होंने अपने परिवारिक पृष्ठभूमि के बताया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सोनी ने ग कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगी के 19 वीं रैंक हासिल करने वाले अजय कुमार देवांगन और उनके पिता से बातचीत कर बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। जिले के छोटे से गांव कोसमंदी में जन्मे रविशंकर वर्मा की कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं।

# आयुष स्वास्थ्य मेला में 510 रोगियों का किया गया नि:शुल्क उपचार

## नि:शुल्क काढ़ा वितरण, रक्त परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा

**रायगढ़, 1 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में गढ़उमरिया, पुसौर में विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ श्री संदीप पंडा ने भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर किया। मौके पर डॉ देवाशीष राय चौधरी ने आयुष विभाग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जनसामान्य को रुबरु कराते हुए अधिक से अधिक आयुष पद्धति अपनाने के लिए अपील की। आयुष पद्धति अपनाने से साईड इफेक्ट नहीं होते है साथ ही साथ खान-पान दिनचर्या ॠतु चर्या, जीवन शैली में बदलाव कर बहुत सारे रोग से सुगमता से निजात पा सकते है। मेला में वात रोग, आमवत, उदर रोग, ज्वर, कास प्रतिश्यय, श्वास, अर्श, भगंदर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्त्री रोग, दौरबल्य, नेत्र, कर्ण इत्यादि रोग का इलाज किया गया।




जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के पंपलेट वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में 510 लोगों का इलाज किया गया। जिसमें 90 लोगों का होम्योपैथी एवं 420 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से इलाज किया गया। 140 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रकृति परीक्षण भी किया गया। शिविर में डॉ अजय नायक, डॉ.नरसिंह पटेल, डॉ संतोष गुप्ता, डॉ गजानन पटेल, डॉ अनुराधा सिंह, आर एम ए श्री सोमेश पांडे, फार्मासिस्ट अजीत गुप्ता, भोज मालाकार, नीलकंठ, शिव, शैलेश सिंह, राजेश साव, डोल नारायण, भोला साहू, रक्त परीक्षण में कु ममता पटेल, प्रकाश पटेल, आयुष्मान कार्ड योजना में नियंग राज पटेल ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान बीएमओ डॉ विनोद नायक, जनपद उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, सरपंच श्री गणेश खड़िया, श्री नरेश पंडा, श्री नित्यानंद यादव सहित सभी जनप्रतिनिधि, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनों विशेष सहयोग रहा।

### बच्चों की दक्षता जांचने 4 दिसम्बर को होगी परख परीक्षा

**रायगढ़, 1 दिसम्बर।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली के द्वारा बच्चों में दक्षता जांचने के लिये पूरे भारत के चयनित स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमीं के बच्चों की परख परीक्षा ली जाएगी। उक्त परख परीक्षा पूरे भारत में एक साथ आगामी 04 दिसम्बर 2024 को प्रात 11 बजे से आयोजित की जाएगी। जिसमें चयनित स्कूलों के बच्चे शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के लिये सभी स्कूलों के लिये फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति की जा चुकी है। इनका विधिवत प्रशिक्षण डाइट के द्वारा दिया जा चुका है। इसके अलावा चयनित स्कूलों के लिये एक पर्यवेक्षक की भी नियुक्ति की गई है जिसके पर्यवेक्षण से पूरा परीक्षा संचालित होगी।।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद दिल्ली द्वारा रायगढ़ जिले के 110 स्कूलों का चयन किया गया है, जिसमें रायगढ़ ब्लॉक से 40 स्कूल, पुसौर ब्लॉक से 06 स्कूल, तमनार ब्लॉक से 06 स्कूल, लैलूँगा ब्लॉक से 12 स्कूल, धरमजयगढ़ ब्लॉक से 21 स्कूल, खरसिया ब्लॉक से 18 स्कूल और घरघोड़ा ब्लॉक से 07 का चयन किया गया है। राज्य कार्यालय एवं जिला कार्यालय के निर्देश के अनुसार जिले के सभी 2563 स्कूलों में कक्षा क्षा तीसरी, छठवीं और नवमीं में अध्ययन करने वाले सभी बच्चों को प्रतिदिन पहले कालखण्ड में परख परीक्षा की तैयारी कराई गई। साथ ही राज्य कार्यालय द्वारा दिनांक 18, 25 एवं 29 नवम्बर 2024 को मॉक टेस्ट लिया गया। जिसमें प्रश्न पुस्तिका राज्य कार्यालय द्वारा प्रदान किया गया था।

## एक नजर

### कन्या वनबंधु आश्रम भवन को नक्सलियों के पुनर्स्थापन के लिए कलेक्टर ने किया अधिग्रहित

**सुकमा, 1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग महानदी भवन, मंत्रालय नवा रायपुर के अधिसूचना के तहत जारी ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति÷ में दिये गये निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप नक्सल पीड़ित व्यक्तियों तथा परिवारों एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास से सबंधित कार्ययोजना बनाया गया है। इस कार्ययोजना से प्रभावित होकर माओवादी कार्य में संलग्न नक्सलियों के द्वारा निरंतर हथियार छोड़कर शांति बहाली के लिए आत्मसमर्पण किया जा रहा है।

### भूमिपूजन के पहले ही कामों की हो गई बंदरबांट

**सुकमा 1 दिसंबर।** जनसमस्या निवारण में वार्ड क्रमांक 07 का सी.सी.सड़क की मांग और कोट्टीगुडा में सी.सी.सडक की मांग मांग ही रह गया नगरपंचायत से नगरपालिका बनने के बाद भी कोट्टीगुडा वार्ड का सड़क नहीं बन पाया इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है जबकि विभागीय मंत्री जी के आगमन पर जनप्रतिनिधि मंच पर बैठने के बाद खामोश नजर आते हैं बस फोटो फोटो चलता रहता है।क्या जिले की नेशनल हाईवे,जिला अस्पताल में डॉक्टरों की समस्या, छात्रवासों की समस्या, रोजगार का सवाल, भ्रष्टाचार पर लगाम, स्थानीय युवाओं को नौकरियां में प्राथमिकता के साथ और भी सवाल है।

### शक्ति केंद्र कचलोन के पांचौ बूथ में अध्यक्ष का हुआ चुनाव।



**सिमगा 1 दिसंबर।** भाजपा सिमगा के शक्ति केंद्र कचलोन में बूथ कमेटी के प्रभारी परस पाटकर सह प्रभारी बिसाहू साहू के द्वारा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें बूथ क्रमांक 25 में नीलकंठ यदु बूथ क्रमांक 27 में नोहर साहू बूथ क्रमांक 28 में लुचरण टंडन बूथ क्रमांक 47 में हेमलाल कुर्रे बूथ क्रमांक 48 में परमानंद यादव को नियुक्त किया गया। जिसमें समस्त बूथ कार्यकर्ता सनत कोसले प्यारी बाई यदु संजय ध्रुव वीरेंद्र मिश्रा रमेश निषाद संजय चौहान कामिनी साहू एवं समस्त बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घटिया निर्माण के कारण आंगनबाड़ी केंद्र खंडहर में तब्दील:राजेश नाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 1 दिसंबर।** जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत गोंडेरास में वर्ष 2021-22 में आंगनबाड़ियों का निर्माण पुजारीपारा, पटेलपारा, नेंडीपारा, पेदापारा,पेरमापारा में निर्माण कराया गया था, जिसमें 6 वर्षों के बच्चो का मानसिक विकास के साथ पोषण, स्वास्थ्य और बच्चों का बचपन का देखभाल किया जाता है।लेकिन ठेकेदार के लापरवाही के कारण सभी आंगनबाड़ी भवन जो बच्चों का नींव मजबूत करता है, उसे ठेकेदार ने घटिया स्तर व गुणवत्ताहीन निर्माण किया है, जो आज आंगनबाड़ी भवन किसी भी काबिल नहीं है और खंडहर में तब्दील हो गया है। बच्चों के लिए खाना पेड़ के नीचे बनाया जाता है और बच्चों का शिक्षा पेड़ के नीचे और बारिश के दिनों में किसी के घर का सहारा लेना पड़ता है जो नैनिहाल, छोटे बच्चों के भविष्य के साथ जो भी ठेकेदार और अधिकारी के मिलीभगत से इस आगंनबाडी को गुणवत्ताहीन बनाया और मूल्यांकन कर पैसा निकाला गया है सभी आंगनबाड़ियों की गुणवत्ता जांच कर ठेकेदार और अधिकारी जो भी संलिप्त हो, उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते है आने वाले भविष्य के साथ कोई अनहोनी न हों। साथ ही प्रदेश के विभागीय मंत्री माननीया लक्ष्मी राजवाड़े जी और प्रभारी मंत्री माननीय केदार कश्यप जी को भी इस आवेदन के द्वारा अवगत कराया गया है और दोषियों को बख्शा न जाए। वरना बच्चों के आगंनबाडी समस्या के लिए सड़क पर उतरना पडे तो उतरेंगे, ÷बच्चों के भविष्य का नींव आगंनबाडी तत्काल बनाया जाय।



## समाचार संक्षेप

### कोयला तस्करी को किसका संरक्षण: मोनू केसरी

**खरसिया 1 दिसंबर।** युवा भाजपा नेता मोनू केशरी ने बताया की विगत कुछ महिनों से क्षेत्र में स्थित कोयला खदानों से कुछ कोलमाफियाओं द्वारा निम्न गुणवत्ता वाले कोयला का डीओ में अच्छी गुणवत्ता वाले कोयला निकाल कर एसईसीएल को नुकसान पहुंचाकर लाखों रूपयों की अवैध कमाई किया जा रहा है। क्षेत्र में हो रही इस तरह के कोयला अफरा तफरी को लेकर युवा नेता मोनू केसरी ने आईजी बिलासपुर रेंज को पत्र लिखकर कोलमाफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए पत्र लिखा है तथा केसरी द्वारा उक्त पत्र की प्रतिलिपि छ.ग. शासन के गृहमंत्री एवं डीजीपी को भी प्रेषित कर उच्चस्तरीय जांच कराया जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। युवा तुर्क केसरी ने आगे बताया की इसी क्रम में विगत दिनांक 24.11.2024 को घरघोड़ा का कोलमाफिया अमित चौधरी द्वारा क्षेत्र के बिजारी मांइस घरघोड़ा से जी- 15 गुणवत्ता वाले कोयला का डीओ लेकर मांइस के अंदर गाड़ी भेजा गया जहां अमित चौधरी द्वारा कोयला खदान एवं कांटा में सेंटिंग कर निम्न गुणवत्ता वाले जी- 15 कोयले की जगह उच्च गुणवत्ता वाले जी-09 कोयला का ओभर लोड कराकर 10 गाड़ी कोयला खदान से निकाल कर परिवहन करते हुए उक्त उच्च गुणवत्ता वाले कोयले को भूपदेवपुर क्षेत्र में स्थित उसके किसी कोयला भंड़ारण क्षेत्र में खाली किया जाकर एसईसीएल को राजस्व की हानि पहुंचाई गई है। वहीं निम्न स्तर के डीओ के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले कोयला लेकर मोटी रकम की कमाई की गई है। कोयला माफिया के इस कार्य मे बिजारी कोल मांइस के कर्मचारियों की भी मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिये क्षेत्र के कोल माफियों के कोल परिवहन के कार्यो का उच्चस्तरीय जांच किसी निष्पक्ष एवं ईमानदार उच्चाधिकारियों से कराते हुए दोषी कोल माफियाओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाना जरूरी है नहीं तो ये कोलमाफिया इसी तरह के कृत्यों से शासन प्रशासन राजस्व की हानि पहुचाते रहेगें। इस संबंध मे स्थानीय पुलिस को जानकारी होते हुए भी कार्यवाही नहीं किया जाना लोगों के समक्ष से परे है। इसलिये शीघ्र ही उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कडी से कडी कार्यवाही की जावे।



### मितानिन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**सुकमा 1 दिसंबर।** 30 नवंबर को ग्राम पंचायत केरलापाल में मितानिन दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किया गया , कार्यक्रम में मुख्य रूप से मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका पंचायत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी मैदानी अमला उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच महोदया ग्राम पंचायत केरलापाल श्रीमति कीर्ति मरकाम, विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री सोमा मरकाम, पूर्व सरपंच, गांव के पुजारी श्री वेटटी चिंगा,वेटटी देवा, अरूण मौर्य, वेटटी कोसा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत सचिव गोपाल सिंह अजमेरा के द्वारा किया गया, बैठक में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव और कुपोषण दर को कम करने में मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का योगदान को बहुत महत्वपूर्ण कहा गया, सरपंच महोदया के द्वारा मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सभी को टीम वर्क में काम कर ग्राम पंचायत केरलापाल को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने पर जोर दिया गया साथ ही ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन को ग्राम में सफल करने संकल्प दिलाया गया साथ ही कार्य योजना तैयार किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच महोदया कीर्ति मरकाम, सचिव गोपाल सिंह अजमेरा, पूर्व सरपंच सोमा मरकाम, सभी वार्ड पंच, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी एस नाकतोडे ,एस धुर्व, एएनएम,और ग्रामीण उपस्थित रहे।



# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन से सहकारिता आंदोलन को नई गति और नई दिशा मिलेगी:शशिकांत द्विवेदी

**रायपुर 1 दिसंबर।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के महासम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया ।साथ ही केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह जी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया गया। भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि सहकारिता सम्मेलन उद्घाटन व 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप मे मनाने की घोषणा भूटान के प्रधानमंत्री, एवम् फिजी के उप प्रधानमंत्री,

की गरिमामयी उपस्थित सहित विश्व के 107 देशों से आये हुए सहकारिता क्षेत्र के सम्मानित पदाधिकारियों एवम् प्रतिनिधि मण्डल के सानिध्य में किया गया।

इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का मुझे भी अवसर मिला। इस पावन अवसर पर विदेश से आये हुए मेहमान प्रतिनिधियों मे फिलिपींस, जापान ,तंजानिया, दक्षिण कोरिया ,नेपाल ,भूटान, केन्या , यू के, यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका,रूस,अफ्रीका नाइजीरिया आदि प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से मुझे भी मिलने का अवसर मिला। इस अवसर पर आईसीए के आयोजक इफको द्वारा की गई विशेष व्यवस्था की देश विदेश से आए प्रतिनिधियों ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस महासम्मेलन को ऐतिहासिक बताया। इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस (आईसीए) द्वारा सहकारिता क्षेत्र में दिए जाने वाले सहकारिता जगत के सर्वोच्च प्रतिष्ठित पुरस्कार रोशडेल पायनियर अवार्ड 2024 से इफ़को के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ उदय शंकर अवस्थी को सम्मानित किया गया।उक्त महासम्मेलन में मुझे भी सुझाव देने का अवसर मिला। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने देश विदेश से आए सभी प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस सहकारीता आंदोलन से निश्चित रूप से सहकार से समृद्धि की परिकल्पना साकार होगी । केंद्र सरकार ने पैक्स को बहुउद्देशीय बनाते हुए 54 पहलें शुरू की है । जैसे सीएससी सेंटर, जेम पोर्टल पर खरीदी, पेट्रोल पंप की डीलरशिप,जन औषधि केंद्र, एल पी जी कनेक्शन आदि तमाम प्रकार के कार्य पैक्स में किए जाने की मंजूरी दी गई है। इससे निश्चित रूप से सहकारी सदस्यों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी तथा पैक्स भी मजबूत होंगे। श्री द्विवेदी ने कहा कि कोऑपरेटिव के सिद्धांतों का पालन करते हुए कोऑपरेटिव फार्मिंग ,कोऑपरेटिव हॉस्पिटल, कोऑपरेटिव स्कूल एंड कॉलेज ,साथ ही कोऑपरेटिव प्रोसेसिंग प्लांट भी बनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सहकारिता से जोड़कर प्रत्येक पंचायत स्तर पर आवश्यकतानुसार दुग्ध सोसाइटी तथा मत्स्य सोसाइटी बनाकर संचालन किया जाए तो इसी सहकारिता वर्ष में गांव, किसान और गरीब की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने कहा कि कृषि कार्य में रासायनिक उर्वरक के अधिक उपयोग करने से धरती का स्वास्थ्य दिनों दिन खराब होता जा रहा है । भू जलस्तर नीचे चला जा रहा है। केपटाउन तथा अपने ही देश के चेन्नई शहर में भूजल समाप्त होता जा रहा है तथा मृदा प्रदूषण के चलते पानी पीने योग्य नहीं रह गया । ऐसी स्थिति में हमें केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग कम करते हुए इफको द्वारा लॉन्च किए गए नैनो उर्वरक का उपयोग ज्यादा करना होगा । साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम का जोआह्वान किया है, उसका विश्व में सभी को पालन करते हुए वृक्ष सहकारिता का निर्माण कर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए।

# छात्रों ने रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

■ निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 1 दिसंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन शुक्रवार को किया गया। रैली की शुरुआत जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम से हुई, जहां बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मतदाता जागरूकता रैली सुकमा नगर के प्रमुख चौक चौराहों और मुख्य मार्गों से होते हुए निकली। रैली के दौरान बच्चों ने मतदाता जागरूकता के संदेशों के साथ स्थानीय निवासियों को मतदान के महत्व से संबंधित नारे लगाए। रैली में मतदाताओं को पोस्टर, बैनर और नारों के माध्यम से मतदान की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता रैली का प्रमुख उद्देश्य लोगों का शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना और लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंत में एपीसी श्री आशीष राम ने उपस्थित नागरिकों को मतदान करने की शपथ दिलाई और आगामी निकाय चुनाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया।



### डोंगरगढ़ क्षेत्र में किसानों क़े नाम पर धान केन्द्रो में अवैध रूप से धान संग्रहण कर कोचिया धान बेचने का प्रयास कर रहे

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** धान उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा गम्भीरता से कार्यवाही की जा रही है कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान के आवक, धान की रिसाइक्लिंग, कोचियों- बिचौलियों के धान की विक्रय एवं राजस्व भूमि पर कब्जाकर लगाए गए धान की बिक्री को रोकने हेतु राजस्व अमला द्वारा मुश्तैदी से कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष किसानों को धान की फ़सल में प्रति एकड़ पर नुकसान होने के कारण किसानों के पर्चे में कोचीयाओ क़े द्वारा बेचे जा रहा है धान ! इस वर्ष किसानों को पानी की मार क़े कारण धान की फ़सल में प्रति एकड़ पर कम से कम 10 किवटल का नुक्सान झेलना पड़ा है जिसके चलते किसानों को सरकार क़े द्वारा दी जा रही प्रति एकड़ राशि में धान की फ़सल में आई कमी क़े कारण नुक्सान हो रहा है जिसका पूरा फायदा गाँव में रह रहे कोचीयों को फायदा मिल रहा है कोचीयाओ क़े द्वारा कृषि उपज मंडी से 50 किवटल का लांयसेंस बना कर 50000 किवटल खरीद कर किसानो क़े पर्चे में धान खरीदी केन्द्रो में सेटिंग कर अपने धान को खपाया जा रहा है वही दूसरी ओर राजनांदगाव जिले क़े आस पास लगे राज्यों से अवैध धान गाड़ियों में मंगाकर सोसायटी में खपाने की कोशिश भी की जा रही है ! जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर लगातार डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम क़े दिशा निर्देश पर टीम तैयार कर बॉर्डर से अवैध रूप से डोंगरगढ़ विकासखंड क़े बॉर्डर में बने धान खरीदी केन्द्रो में अवैध रूप से आने वाले धान को खपाने का कार्य करने की तैयारी चल रही है जिसको डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम क़े द्वारा बनाई गईं टीम लगातार बॉर्डर में बने धान खरीदी केन्द्रो में जाकर जांच कर अवैध रूप से कोचीयाओ क़े द्वारा सोसायटी में आने वाले धान की गाड़िया पकड़ रही है जिसके चलते कोचीयाओ में हड़कंप मच गया है !

# 229 बटालियन मुख्यालय में स्वच्छता अभियान का आयोजन, जवानों ने ली स्वच्छता की शपथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन के मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन प्रातः 8 बजे श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट 229 बटालियन के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का आयोजन किया गया जिसमें 229 वीं वाहिनी के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं जवानों ने भाग लिया और स्वच्छता हेतु शपथ लिया । इसके अतिरिक्त विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अवसर पर मुख्यालय 229 वीं वाहिनी में श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट के द्वारा मुख्यालय परिसर में वर्तमान स्वच्छता स्तर में सुधार, स्क्रेप/अपशिष्ट सामग्री के निपटान और इस संदेश को फैलाने के लिए शोशल मीडीया पर स्वच्छता बैनर प्रदर्शित किये गए । अधिकारीयों द्वारा अपने कार्यालयों के आस-पास को साफ-सुथरा रखने के लिए श्रम दान किया गया। जिसमे मुख्यालय परिसर में स्नानघरों, शौचालयों, सीढ़ीयों और गलियारों को साफ करने के साथ-साथ कागज के कचरे, प्लास्टिक कचरे और ई-कचरा बैनरों को अगल करने और सुरक्षित निपटान के लिए विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया और कार्यक्रम के अन्त में श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट 229 द्वारा उपस्थित द्वितीय कमान अधिकारी आरची एंथनी माहो, 229 वीं वाहिनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गोतपरेश पगार शरत और सहायक कमाण्डेंट श्रीमति वर्षा अरूण शर्मा, अधीनस्थ अधीकारियों एवं जवानों ने शपथ ली जिसमें शपथ का प्रारूप कुछ इस प्रकार रहा है। हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा । मैं न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा।

### कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा के सोलहा तालाब में मनरेगा के तहत निर्मित पचरी औचित्यहीन

**सिमगा 1 दिसंबर।** विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के सोलहा तालाब में 7- 8 माह पूर्व रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्मला घाट का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था जिसका निर्माण एजेंसी है स्वयं ग्राम पंचायत है। जो अब औचित्यहीन साबित हो रहा है। क्योंकि ग्रामीणों के निस्तारी हेतु तालाब में निर्मला घाट का निर्माण तो किया गया है परंतु इस घाट में लोगों के आने जाने के लिए रास्ता ही नहीं बनाया गया है जिसके चलते उक्त निर्मला घाट औचित्यहीन लग रहा है । ग्रामीणों में मूलचंद साहू, पुन्नी, अशोक साहू , कृष्णा साहू, मोहन ध्रुव ने बताया कि सोलहा तालाब में पचरी का निर्माण गलत तरीके से किया गया है जिसके चलते पचरी का उपयोग हम ग्रामवासी नहीं कर पा रहे हैं ।



### गिरीश शुक्ला का देवलोक गमन

**राजनांदगांव 1 दिसंबर।** नगर के प्रतिष्ठित शुक्ला परिवार , बल्देव बाग निवासी पंडित गिरीश शुक्ला ( 86 ) का आज देवलोक गमन हो गया । राजनांदगांव जिले के निर्माता पंडित किशोरीलाल शुक्ला के वे इकलौते पुत्र थे । दिवंगत श्री शुक्ला ने सामाजिक तथा राजनैतिक स्तर पर उन्हें सौंपी गई जवाबदारियों का अंतिम सांस तक कुशलता पूर्वक निर्वहन किया । राजनांदगांव नगर में ब्राह्मण समाज सहित लोक हित में श्री शुक्ला ने आजीवन अपना योगदान किया । आज दोपहर लगभग 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली । श्री शुक्ला ने अपने पीछे एक सुपुत्र आलोक शुक्ल ( सन्नी ) एवं दो पुत्रियों सोना शुक्ला , श्रुति पयासी के साथ नाती - पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ा है । दिवंगत श्री शुक्ला ने अपने जीवनकाल में कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सहित प्रदेश कांग्रेस सचिव , नांदगांव हॉकी संघ के अध्यक्ष एवं नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष के रूप में जवाबदारी का बखूबी निर्वहन किया । वर्तमान में वे 2013 से लगातार निर्विरोध नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष की आसंदी पर कार्यरत थे । उनके आकस्मिक निधन से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज सहित संस्थाओं को अपूरणीय क्षति हुई है । दिवंगत श्री शुक्ला की अंतिम यात्रा कल 1 दिसंबर को निज निवास बल्देव बाग से लखोली के लिए निकाली जाएगी ।



# अच्छे आचरण से ही व्यक्तित्व का निर्माण होगा : पं. बालमुकुंद मिश्रा

- सारागांव में रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारम्भ
- गांव में बना उत्साह का माहौल, शिक्षाप्रद गीत व नारों से गुंजायमान रहा गांव का वातावरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 1 दिसम्बर।** निजी कचना ध्रुवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ सोमवार को समीपस्थ ग्राम सारागांव में ब्लाक कमेटी अध्यक्ष पं. बालमुकुंद मिश्रा की मुख्य आतिथ्य में हुआ। कचना ध्रुवा महाविद्यालय प्रबंध समिति सदस्य तेजस्वी यादव की अध्यक्षता व ग्राम सरपंच गोकुल ध्रुव, उपसरपंच मोहन लाल देवांगन, ग्रामीण अध्यक्ष कुन्दन निर्मलकर, प्रताप दिवान, प्रेमलाल देवांगन, पूर्व सरपंच सालिकराम ठाकुर, उत्तम चंद्राकर, कुंजलाल यदु, हरि नायक एवं पंचो की उपस्थिति में, मेरा युवा भारत के लिए युवा विषय को लेकरआयोजित शिविर का मुख्य अतिथि मिश्रा ने रासेयो ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे ने बताया की युवा वर्ग को समाज के मुख्य धारा से जोड़कर राष्ट्र के नवनिर्माण में सहयोगी बनाना है, जिसका प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी है, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा व समाज सेवा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना है। लगभग 100 की संख्या में कॉलेज



छात्र-छात्राओं ने गाँव मे पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त भारत अभियान, शिक्षा, स्वक्षता, व स्वास्थय जागरूकता के संबंध में रोचक नारे आदि से गांव में जनजागरूकता लाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मिश्रा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे आचरण से ही व्यक्तित्व का निर्माण होगा।विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित अनुशासन, के साथ श्रम के प्रति सम्मान भावना होगी तभी स्वयम सेवक का कर्तव्य निभा सकेंगे।वही तेजस्वी यादव ने महाविद्यालय संचालन में समाज की अहम भूमिका को बताते हुए उन पलों का साक्षात्कार कराया व कहाकि शिक्षा और समाज के समन्वय से ही राष्ट्र के विकास सम्भव है।

वही सहायक कार्यक्रम अधिकारी तरुण निर्मलकर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वयं सेवकों के नियमित दिनचर्या एवं क्रिया कलापो से ग्रामवासियो को अवगत कराते हुए सहयोग की अपील की। स्वयं सेवकों के द्वारा अतिथियों की स्वागत में, स्वागत गीत, नृत्य, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की शिक्षाप्रद नारो से उत्साह का माहौल बना, एवं करतल ध्वनियो से सारा वातावरण गुंजायमान रहा।कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक विनोद यादव ने किया। वही महाविद्यालय के प्राध्यापिका, निर्मला यादव, पी के यादव, सुश्री आरती साहू सहित पूर्व रासेयो स्वयं सेवको एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### सेना के अधिकारियों ने वायुसेना भर्ती के सबंध में छात्रों का किया मार्गदर्शन

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भोपाल से पहुंचे सेना के अधिकारियों ने गुरुवार को विकासखण्ड पलारी के शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन के छात्रों को अग्निवीर वायुसेना भर्ती से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में '' हम होगें कामयाब '' के संबंध छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय में 103 एवं शासकीय नवीन महविद्यालय वाटगन में 96 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इस अवसर पर पलारी महाविद्यालय के प्राचार्य, ए.के. उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक लक्ष्मी नारायण जलहरे, आत्माराम वर्मा, इशाज्ञा मेश्राम, कैरियर कॉउसलर। शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन के प्राचार्य, चंद्रकांत जलहरे, सहायक प्राध्यापक शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रशांत आनंद एवं महाविद्यालय के समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

### आपदा पीड़ित एक परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत एक व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 28 नवम्बर 2024 को ये स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में धनेश्वर पिता भीम गोड़ निवासी ग्राम जारा, तहसील पलारी हैं। हितग्राही के निकट परिजन कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 19 चालकों पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 19 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 19 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 04, यातायात कसडोल 01, यातायात भाटापारा 06, यातायात सिमगा 04 एवं थाना गिधपुरी द्वारा 04 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

## संभव स्टील टयूब लिमिटेड सरोरा स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

# खेल हमें अनुशासन में रहने की शिक्षा देता है : विकास गोयल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 1 दिसम्बर।** संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड सरोरा तिल्दा के तत्वाधान में सरोरा ग्राम के हाई स्कूल मैदान में इंटर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें तिल्दा सिमगा तहसील के ग्राम सरोरा, साँकरा, ओडगन, परसदा, भुरसुदा, बिलाड़ी, बुंदेली एवं बिनैका के 17 स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें स्कूल के लगभग 800 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह 9:00 बजे से सभी बच्चों को लाने और ले जाने के लिए बस की सुविधा प्रदान किया गया। खेल मैदान में पहुंचने के बाद सभी बच्चों के लिए नाश्ता की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहारी लाल वर्मा सरपंच सरोरा, अनिल वर्मा प्राचार्य हाई स्कूल सरोरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता शीतल गोयल सी.एस.आर. प्रमुख के द्वारा की गई और संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के एम जी के मूर्ति महाप्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) धर्मेश वैश्य, चिरंजीत राय, राजकुमार निषाद, धर्मेश नायक, सुचिता जैन, मनीष सिन्हा, प्रवीण यादव, राकेश निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा मनोज साहू ने विशेष योगदान रहा।

विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई।



इसके बाद राष्ट्रगान गया गया। इसके बाद धर्मेश वैश्य के संचालन में अतिथियों का स्वागत उद्बोधन के पश्चात इस भव्य खेल का शुभारंभ किया गया। इस खेल को संपन्न कराने में स्कूल के 30 शिक्षक शिक्षिकाओं ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पूरे खेल का संचालन राजकुमार निषाद के द्वारा किया गया। शाम 5:00 बजे तक सभी खेल संपन्न हुए। अतिथियों द्वारा विजेता बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। एवं सभी स्कूलों को संभव की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा मैडल साँकरा स्कूल के बच्चे जीते। इसलिए इस वर्ष का संभव चक्र साँकरा स्कूल को प्रदान किया गया। खेल मैदान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोरा द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया था। बृजलाल गोयल जी के दृष्टिकोण को मूर्त देने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले सारे ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के बीच संभव स्पोर्ट्स फेस्ट के नाम से अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शीतल गोयल ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के विकास के लिए खेलकूद भी आवश्यक है, जिससे मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है।

संभव स्टील टयूब लिमिटेड सरोरा के एम डी विकास गोयल एवं भावेश खेतान ने कहा कि छात्र-छात्राओं के मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी होना जरूरी है खेल हमें अनुशासन में रहने की शिक्षा देता है। खेलों में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। उनके द्वारा प्रतिभागियों को स्पोर्ट्स शू देने का आश्वासन दिया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर खेलकूद के प्रति रुझान बढ़ाना है। अंत में महाप्रबंधक मूर्ति जी के द्वारा कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गई।

# कलेक्टर ने सम्पर्क केंद्र से सुनी किसानों की समस्याएं

- उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराने केंद्र प्रभारियों को निर्देश
- अवश्यकतानुसार बढ़ाई जाएगी केंद्रों में खरीदी लिमिट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 1 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सम्पर्क केंद्र से धान बेचने उपार्जन केंद्र पहुंचे किसानों से ऑनलाइन माध्यम से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने किसानों से धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत या केंद्र की व्यवस्थाओ के बारे में पूछताछ की। किसानों ने बताया की धान बेचने में कोई परेशानी नहीं हो रही है, कुछ केंद्र में हमालों की दिक्कत हो रही है जिसे दूर करने के लिए केंद्र प्रभारी को बताया गया है। बरदाने की कमी अब नहीं है। कलेक्टर ने केंद्र प्रभारियों को बरदाने की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए सहकारिता विभाग के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने किसानों को बताया कि जिले में पर्याप्त बरदाने है और सभी उपार्जन केंद्रों में मांग के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को स्वयं क़ा बारदाना लाने की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन स्वेच्छा से लाना चाहें तो ला सकते है।किसानों के बरदाने को 25 रुपये प्रति नग की दर से ख़रीदा जाएगा। कलेक्टर ने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों को बारदाना लाने न कहा जाए, किसी केंद्र में ऐसी शिकायत मिलने पर केंद्र प्रभारी पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने हमालों की समस्या के समाधान के लिए केंद्र प्रभारियों को आवश्यक व्यवस्था करने कहा तथा बताया कि शासन द्वारा हमाली दर की राशि में वृद्धि की गई है जो बढ़कर 25 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। उन्होने उपार्जन केंद्रों से धान को संग्रहण केंद्रों में परिवहन अगले सोमवार से शुरू करने और आवश्यकतानुसार खरीदी लिमिट बढ़ाये जाने की जानकारी दी। कलेक्टर ने खरही, लवन, खम्हरिया, अहिल्दा, रसेड़ा, रिसदा, दशरमा, दामाखेड़ा, टेहका, लेवई लाहोद सहित अन्य उपार्जन केंद्र के केंद्र प्रभारी एवं किसानों से बात की। उन्होने केंद्र प्रभारियो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब तक जिले में धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है, सभी निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों क़ा निर्वहन करते हुए पारदर्शी ढंग से धान खरीदी सम्पन्न कराएं। किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखें, धान बेचने में उन्हें कोई दिक्क़त न हो।

## कचना धुरवा महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर जांच परीक्षा परख का हुआ आयोजन

# परख राष्ट्रीय स्तर का उपलब्धि सर्वेक्षण है: संतोष साहू

- जिले के सभी डी एल एड कॉलेज़ के प्राध्यापक एवं छात्राध्यापक हुए सम्मलित





**छुरा 1दिसंबर।** 25 नवम्बर, राष्ट्रीय स्तर की जांच परीक्षा परख के संबंध में महासमुंद डाइट द्वारा गरियाबंद जिले के बीएड एवं डीएड के चयनित छात्राध्यापको को फील्ड इन्वेस्टिगेटर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी, डाइट महासमुंद, जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत गरियाबंद, जिला मिशन समन्वयक के एस नायक के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय स्तर की जांच परीक्षा जो कि कक्षा 3वी 6वी व 9वी में 4 दिसम्बर को संचालित होने वाली है के संबंध में गरियाबंद जिले के अलग अलग विकासखंड के तीन महाविद्यालय कचना घुरवा छुरा, वीरेन्द्र दीपक जामगांव एवं आईटीएस के बीएड डीएलएड छात्राध्यापको को परख जांच परीक्षा संबंधी 02 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण को महासमुंद डाइट के मास्टर ट्रेनर्स एवं गरियाबंद जिले के प्रभारी किरण कन्नौजे एवं संतोष साहू द्वारा दिया गया। कक्षा अनुसार ओएमआर शीट के भरने के तरीके, भरे हुए ओएमआर शीट की ऑनलाइन एंट्री, रेंडम मेथड, फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के रूप में भूमिका को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया। परख राष्ट्रीय स्तर का उपलब्धि सर्वेक्षण है, अतः इसमें फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के परीक्षा के पूर्व तैयारी से लेकर परीक्षा के बाद तक की भूमिका को बिंदुवार बताया गया। कक्षा संख्या अनुसार सेम्पलिंग प्रक्रिया कैसी करनी है, रेंडम मेथड, कंट्रोल शीट को कैसे भरना है, निरीक्षण प्रोफार्मा, ओएमआर शीट व बुकलेट वितरण, बुकलेट व ओएमआर शीट में सामान्य जानकारी कैसे भरें, काउंटिंग एन्ड पेकिंग, डेटा कलेक्शन, आब्जर्वर के कार्य, आब्जर्वर एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के बीच समन्वय आदि हर एक पहलू को मास्टर ट्रेनर्स संतोष साहू व किरण कन्नौजे द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया। कक्षा 03, 06 व 09वी के प्रश्नों की संरचना, ओएमआर शीट, बुकलेट, विषयों का वर्गीकरण के बारे में भी फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को जानकारी दिया गया। जिला मिशन समन्वयक के एस नायक ने छात्राध्यापकों को राष्ट्रीय स्तर के इस सर्वे मे उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस सर्वे के द्वारा राज्य, जिले एवं विकासखंड के शैक्षिक स्तर के साथ साथ शिक्षकों, विद्यालयों के स्तर का भी सर्वेक्षण होगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक विल्सन थॉमस ने परख सर्वेक्षण में प्रत्येक फील्ड इन्वेस्टिगेटरर्स को कार्य की महत्ता समझाते हुए कर्तव्यता पूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक स्रोत समन्वयक ने परख परीक्षा 2024 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण बताया और प्रशिक्षार्थियों को परख सर्वे हेतु पहले से पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस प्रकार कचना घुरवा महाविद्यालय छुरा में आयोजित प्रशिक्षण में गरियाबंद जिले के चयनित छात्रा अध्यापक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से जिला मिशन समन्वयक के एस नायक, जिला कार्यक्रम समन्वयक विल्सन थॉमस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एस मतावले, विकासखंड स्रोत समन्वयक एच के देवांगन, जिला प्रभारी किरण कन्नौजे, संतोष साहू, सम्मलित हुए। प्राचार्य कचना घुरवा महाविद्यालय डॉ डी के साहू, डीएलएड प्रभारी प्राध्यापक कैलाश साहू, प्राध्यापक तरुण निर्मलकर, आर.आर.कुर्रे, वीके यादव, निर्मला यादव सुश्री आरती साहू, टी.आर.साहू, पी के यादव, धनराज ध्रुव ने महाविद्यालय परिवार की ओर से प्रशिक्षको को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक एव सभी बीएड डीएलएड छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सुरक्षित परिवार नियोजन के संदेश के साथ प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा की शुरुआत 21 नवंबर से हो गई है जो 4 दिसंबर तक जारी है। इस पखवाड़े के अंतर्गत समाज में पुरुष नसबंदी को प्रचार प्रसार के माध्यमों से बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है इसके साथ ही साथ जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे नसबंदी के लिए शिविर का भी आयोजन हो रहा है।जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार पुरुष नसबन्दी पखवाड़े को दो चरणों में विभाजित किया गया है जिसमें 21 नवंबर से 27 नवंबर तक प्रचार- प्रसार एवं जन जागरूकता के कार्य ग्राम एवं शहरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हैं। इस चरण में पुरुष गर्भनिरोधक जैसे कंडोम और नसबन्दी के लिए लोगों का संवेदीकरण किया गया। इस चरण में सास-बहु सम्मेलन भी किया गया जिसमें परिवार की महिलाओं को इस बारे में जानकारी दी गई। पखवाड़े का दूसरा चरण 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक ज़ारी रहेगा जिसमें लोगों को नसबन्दी की सेवा का लाभ दिया जा रहा है। इसमें हितग्राहियों का पूर्व पंजीयन, और संक्रमण रोकने प्रोटोकाल का पालन, स्वास्थ्य केंद्रों में कंडोम बॉक्स लगाना एवं फिक्स दिवस के आधार पर पुरुष नसबन्दी ऑपेरशन किये जा रहे हैं। मातृ और शिशु स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ शशि जायसवाल के अनुसार जिले में कुल 180 पुरूष नसबन्दी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ये ऑपेरशन डॉ एस के जायसवाल, डॉ पी एल चंदन और डॉ उमरताज़ कुरैशी द्वारा किये जा रहे हैं। जिले में गत वर्ष 219 ऐसे ऑपरेशन हुए थे जबकि इस वर्ष अप्रैल से अब तक 38 हो चुके हैं। महिला नसबन्दी से सरल पुरुष नसबंदी होती है, पुरुष नसबंदी में ऑपरेशन के बाद तुरंत पुरुष घर जा सकता है जबकि महिला को 24 घंटे रुकना पड़ता है, पुरुष नसबंदी में टांका नहीं लगता और इससे पुरुषों में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार इस वर्ष के पुरुष नसबंदी पखवाड़े का थीम है- ÷आज ही शुरुआत करें पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें÷। यह नसबंदी परिवार नियोजन का एक सुरक्षित साधन है जिसके तहत शासन द्वारा 3 हज़ार की प्रोत्साहन राशि भी हितग्राही को दी जाती है। और अधिक जानकारी तथा सेवा का लाभ लेने के लिए नजदीक के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य संपर्क करें।

- 4 दिसंबर तक जारी रहेगा पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा

### सूने मकान में चोरी करने वाले गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 27 नवम्बर को प्रार्थिया ईश्वरी मरकाम निवासी ग्राम करमदा द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह किसी काम से बाहर गई थी तथा रात्रि होने से अपने मायके रवान में रुकी थी। कि दिनांक 25.11.2024 को सुबह वापस करमदा घर आई तो देखी की घर का पूरा सामान बिखरा हुआ था, लकड़ी का अलमारी का दरवाजा एवं लाकर टूटा हुआ था तथा अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी 20, 000 सहित कुल 1, 47, 000 का सामान नहीं था, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 880/2024 धारा 331(4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट के 04 घंटे के भीतर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा घर में कोई नहीं होने से उसे सुना पाकर घर अंदर घुसकर, नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपियों से 10, 000 नगदी, सोने चांदी के आभूषण एवं चोरी की रकम से खरीदा गया 10, 000 का मोबाइल सहित कुल 1, 47, 000 का बरामद किया गया है। इस प्रकार थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम को चोरी का शत प्रतिशत सामान बरामद करने में सफलता मिली है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को 28 नवम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम हिमांशु ध्रुव उम्र 19 साल निवासी ग्राम खैरी थाना सिटी कोतवाली व देवेंद्र कुमार ध्रुव उम्र 22 साल निवासी ग्राम गैतरा थाना सिटी कोतवाली हैं।

### रबी फसलों के बीजों का सहकारी समितियों में पर्याप्त भण्डारण, शीघ्र उठाव की अपील



**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले की सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालयों में रबी वर्ष 2024-25 हेतु गेहूँ, रागी, चना, मटर, मसूर, सरसों एवं मूंगफली के बीजों का पर्याप्त भण्डारण किया गया है। किसानों का आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार का प्रयास निरंतर जारी है। इसी कड़ी में रबी मौसम में धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। रबी फसलों के बीज सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। किसान भाई अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समितियों, कृषि विभाग एवं जिला स्तर पर उप संचालक कृषि कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। रबी फसलों में धान के बदले अन्य फसल बोने से लाभ रबी मौसम में धान के बदले अन्य फसल बोने से किसानों को अनेक लाभ जैसे खेती की लागत में कमी, मजदूरों की कम आवश्यकता, कम पानी में अधिक रकबे की सिंचाई, रबी फसलों में कीट बिमारी का कम लगना, दलहन एवं तिलहन फसलों से अच्छी आमदनी प्राप्त होना तथा रबी मौसम में उगाये गये धान का मूल्य कम मिलने की संभावनाओं को देखते हुए किसान भाई इसका लाभ ले सकते है। विभागीय योजनाओं की मैदानी अमलों/सहकारी समितियों के माध्यम से/ग्राम पंचायतों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर कृषकों को योजनाओं पर रियायती दर पर बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में जिले की अधिनस्थ सहकारी समितियों/कृषि विभाग में गेहूँ 1497.90 क्विंटल, चना 174.24 क्विंटल, मटर 27.20 क्विंटल, मसूर 5.2 क्विटल, सरसो 41.84 किंवटल एवं मूंगफली 81.40 क्विटल बीज उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नवीन बीज प्रक्रिया केन्द्र, छेरकापुर (पलारी) में भी विभिन्न फसलों के बीज विक्रय हेतु उपलब्ध है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. रायपुर द्वारा रबी वर्ष 2024-25 में अनाज, दलहन एवं तिलहन आधार एवं प्रमाणित बीजों की विक्रय दर निर्धारित किया गया है। रबी 2024-25 कृषकों को विक्रय हेतु निर्धारित प्रति क्विंटल दर (रू.) गेहूँ ऊंची समस्त किस्मे 3910, गेहूँ बौनी 10 वर्ष के अंदर 3670 एवं 10 वर्ष के बाहर 3870, चना 10 वर्ष के अंदर 8665, 10 वर्ष के बाहर 9085, मटर समस्त किस्मे 9550, मसूर समस्त

## एक नजर

### पूर्व पार्षद रमेश आहूजा का भाजपा प्रवेश



**रायपुर 1 दिसंबर।** आहूजा ने कहा कि श्री विष्णुदेव साय एवं रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी के 1 साल के कार्यकाल से प्रभावित होकर विशेषकर फिल्मसिटी निर्माण की घोषणा से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश कर रहे है। श्री आहूजा ने कहा कि उन्हे राजनीति में 52 साल हो गये है । वे फिल्म देखने के शौकीन है उन्होंने सोहराब मोदी, कुंदनलाल सहगल, देवानंद, दिलीपकुमार, राजकपूर, दारासिंह, राजेशखन्ना की सभी फिल्में देखी है। इसलिए फिल्म सिटी की घोषणा से उत्साहित होकर भाजपा प्रवेश कर रहे है। उन्होने श्री विष्णुदेव साय को फिल्मसिटी के लिए धन्यवाद दिया है।

### गिफ्टमिल्क कार्यक्रम का शुभारंभ



**रायपुर 1 दिसंबर।** हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर में हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कोर्पोरेशन (हुडको) के सीएसआर के तहत एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन (एनएफएन) के गिफ्टमिल्क प्रोग्राम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री सुशांत शुक्ला, हुडको के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय कुलश्रेष्ठ, हुडको के डायरेक्टर (कॉर्पोरेट प्लानिंग) श्री एम नागराज, जिला कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण, हुडको के सीएसआर के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राजीव शर्मा, एनडीडीबी के सीनियर जनरल मैनेजर डॉ वी श्रीधर, हुडको के रायपुर के रीजनल चीफ डॉ विवेक गुप्ता और भी महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे। यह कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट हाई स्कूल सेंदरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया था।

### पद्मश्री सुरेश वाडकर और कुमार का सुरीला रेडियो प्रोग्राम



**रायपुर 1 दिसंबर।** आज से हर रविवार रात 8 से 9 बजे तक पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित सिंगर सुरेश वाडकर और कुमार का सुरीला रेडियो प्रोग्राम ए ज़िंदगी गले लगा ले आप माईएफएम रेडियो स्टेशन पर सुन सकते हैं, जो आपको अपनी जिंदगी के सुनहरे पलों में ले जाएगा। स्टूडियो रीफ्यूल के कुमार ने आज सुरेश वाडकर की उपस्थिति में मुम्बई के अजीवासन हॉल में इस अनोखे रेडियो शो के प्रसारण की ऑफिशियल घोषणा की। अपनी मधुर आवाज और दिल को छू लेने वाले गीतों के लिए मशहूर सुरेश वाडकर ने इस अवसर पर फिल्म सदमा के सदाबहार गीत ऐ जिंदगी गले लगा ले की रिकॉर्डिंग, गीतकार गुलज़ार और संगीतकार इलैयाराजा एवं इस गीत की बेपनाह लोकप्रियता के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जिस रेडियो शो के प्रसारण की तारीख का सबको इन्तेजार था, आज हम खुश और उत्साहित हैं कि वह शो 1 दिसम्बर से प्रसारित होने के लिए तैयार है। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगा कि यह शो सफल हो। कुमार जी का आभार प्रकट करना चाहता हूं कि उन्होंने यह शो बड़ी मेहनत, बहुत रिसर्च और जुनून के साथ बनाया है।

### थोक कपड़ा व्यापारी संघ के पदाधिकारियों का सम्मान



**रायपुर 1 दिसंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी अध्यक्षता में बैठक हुई है। बैठक में कैट ने थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सरल मोदी का शाल श्रीफल मोतीमाला से स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में कैट एवं युवा टीम पदाधिकारी शामिल हुए। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट ने थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सरल मोदी, श्री प्रकाशचन्द अग्रवाल, श्री शान्ति लाल बरडिया, श्री जयचंद नवानी, श्री राजकुमार दरिया, श्री मूलचंद जैन , श्री सुशील दरिया का शाल श्रीफल मोतीमाला से स्वागत सम्मान किया।

# शाखों से टूट जाएँ,वो पत्ते नहीं हैं हम, तूफाँ से कोई कह दे औकात में रहे






नेहरू-गाँधी परिवार की प्रियंकागाँधी भी लोकसभा सदस्य बन चुकी हैं, लोस में राहुल-प्रियंका,राज्यसभा में सोनिया गाँधी कांग्रेस का नेतृत्व करेंगी, वैसे प्रियंका से पहले गांधी परिवार से जवाहरलाल नेहरू,इंदिरा गांधी,फिरोज गांधी,संजय गांधी,राजीव गांधी,सोनिया गांधी, मेनका गांधी, वरुण गांधी और राहुल गांधी राज नीति में एंट्री कर चुके हैं।प्रियंका गांधी लोस सांसद चुने जानेवाली गांधीपरिवार की चौथी महिला सदस्य हैं। पहले इंदिरा गांधी,सोनिया गांधी, मेनका गांधी लोक सभा सांसद रह चुकी हैं।वायनाड लोस उपचुनाव में प्रियंका गांधी ने धमाके दार जीत दर्ज करने के साथ ही अपनी चुनावी राजनीति की शुरुआत की है।सीपीआई के सत्यनमोकेरी को 4लाख 10 हजार से अधिक वोटों से हराया,यहउनके सियासी सफ़र का पहला चुनाव था।राहुल ने 2019 में वायनाड से 4,31, 770 तो 2024 में 3,64,422 वोट के अंतर से जीत दर्ज की।2024 में वायनाड, राय बरेली दोनों सीटों पर जीत दर्ज की थी राहुल गांधी ने इस साल की शुरुआत में वायनाड सीट खाली कर दी थी,क्योंकि रायबरेली से ही सांसद बने रहने का फैसला किया था।प्रियंका, चुनावी राजनीति में एंट्री करनेवाली नेहरू- गांधी परिवार की 10 वीं सदस्य हैं।

### छग के नये डीजीपी, 3 नामों का पैनल यानि !

छग में नये पुलिस डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है, हालांकि 5 फरवरी 25 को अशोक जुनेजा की सेवा वृद्धि समाप्त हो रही है, कुछ राज्यों में डीजीपी की नियुक्ति की प्रक्रिया ही तत्काल शुरूकर,यूपीएससी को भेजने पर ,सुको की नाराजगी के चलते छग में अभी से पैनल बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है,वैसे 3 वरिष्ठ आईपीएस का नाम भेजने की परम्परा है, जिसके अनुसार अरुण देव गौतम, हिमांशु गुप्ता और पवनदेव के नाम जाना तय है,चूंकि डीजीपी के लिये 30 साल की सेवा होना चाहिये और इस दायरे में तीनों आईपीएस के अलावा कल्लूरी भी आते हैं,फिल हाल 3 नामों का ही पैनल भेजने पर ही विचार हो रहा है,खैर कुछ दिनों में स्थिति स्पष्ट हो ही जाएगी,वरिष्ठता की बात है तो अरुण देव गौतम, जुनेजा के बाद छग के सबसे वरिष्ठ आईपीएस हैं।

### आईपीएस पासवान के 3 सहयोगियों में एक 'रॉ' चीफ, 2 डीजीपी



अविभाजित मप्र के समय रायपुर के एसपी संतकुमार पासवान के दौर में कैलाश मकवाना,एडीशनल एसपी थे तो रवि सिन्हा प्रशिक्षण काल में कोतवाली के सी एसपी और अशोक जुनेजा सीएसपी सिविल लाइन थे। पासवान तो डीजीपी नही बन सके पर उनके मातहत रवि सिन्हा 'रॉ' के मुखिया हैं, अशोक जुनेजा छग के डीजीपी हैं,मकवाना 1 दिस म्बर को मप्र के डीजीपी बनने जा रहे हैं। मप्र के नये पुलिस मुखिया कैलाश मक वाना ने आईपीएस चयनित होने के बाद प्रशिक्षण का बड़ा समय रायपुर, दुर्ग, बस्तर और दंतेवाड़ा में पूरा किया है।रायपुर में एडीश नल एसपी के रूप में 3 अप्रेल 1993 से जुलाई 93 तक पदस्थ रहे, यातायात का आदि का काम भी सम्हाला था।उज्जैन जिले के निवासी कैलाश ने इंजी नियरिंग में स्नातक, स्नात कोत्तर की डिग्री ली है,आई पीएस 1988 बैच के मक वाना अभी पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। मप्र में एडीजी (गुप्तवार्ता)समेत महत्वपूर्ण दायित्वों में अपनी कार्य शैली की विशिष्ट छाप छोड़ी है, साफ -सुथरी छवि वाले मकवाना की गिनती तेज- तर्रार अफसर के रूप में होती है।पर उनका करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है।साढ़े 3 साल के दौरान सात बार तबादला हुआ, कमल नाथ सरकार में 3 बार ट्रांस फर हुआ था,वे एडीजी इंटेलिजेंस, नारकोटिक्स सीआईडी, प्रशासन जैसे प्रमुख पदों पर कार्य कर चुके है।2022 मेंलोकायुक्त का महानिदेशक बनाया गया। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के चलते सर कार ने उन्हें हटा हाउसिंग कारपोरेशन में भेज दिया था।छग कैडर के 1988बैच के आईपीएस रवि सिन्हा, जब मप्र कैडर मिला,तब अपने प्रोबेशन के दौरान धमधा के टीआई रहे बाद में रायपुर में सीएसपी कोत वाली की जिम्मेदारी भी संभाली,राजनांदगांव में 3 जून 1995 से 4 अक्टूबर 1996 तक एसपी रहे,छत्तीसगढ़ बनने के बाद योजना एवं प्रबंध के एआईजी थे, इसके बाद केंद्र सरकार में डेपुटेशन पर चले गए, फिर वहीं रह गये।रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) में क्रम बद्ध एक-एक पायदान ऊपर जाते रहे,अबखुफिया एजेंसी के सर्वोच्च पद पर हैं।अशोक जुनेजा ने 21 अगस्त 1989 को आईपी एस की सर्विस ज्वाइन की। वे पहले मप्र कैडर के थे। छत्तीसगढ़ बनने के बाद छग कैडर चुन लिया। छग में जुनेजा रायगढ़, बिलास पुर में एडिशनल एसपी के अलावा बिलासपुर मेंएसपी रहे। दुर्ग, रायपुर के एसएस पी रहे हैं। बिलासपुर-दुर्ग संभाग के आईजी भी रहे हैं,मंत्रालय में गृह सचिव की जवाबदारी भी सम्हाली हैं,ढाई साल तक प्रदेश के खुफिया चीफ, परिवहन में अतिरिक्त आयुक्त,खेलसंचा लक भी रह चुके हैं,एडीजी नक्सल ऑपरेशन,छग सशस्त्र बल,एसटीएफ का भी प्रभार सम्हाल चुके हैंपुलिस अकादमी के महानिदेशक भी रह चुके हैं। प्रशासन, ट्रेनिंग भी संभाल चुके हैं।केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में 2 साल नारकोटिक्स, कॉमन वेल्थ गेम्स के सुरक्षा प्रमुख की जवाबदारी भी निभा चुके हैं।11 नवंबर 21 को डीएम अवस्थी को हटा कर अशोक जुनेजा को प्रभारी डीजीपी बनाया गया, बाद में पूर्णकलिक डीजीपी बने, सरकार ने उन्हें 6 माह की सेवावृद्धि भी दी है,फरवरी 25 में उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है।

### एक बदमाश, एक सुरक्षा कर्मी की निगरानी में

सीमित सुरक्षा बल के बावजूद भी गुंडों-बदमाशों की गतिविधियों पर निगाह रखने,नियंत्रित करने एसपी (बलौदा बाजार-भाटापारा) विजय



अग्रवाल ने एक नई पहल शुरू की है,जिले में 270 बदमाशों की निगरानी का जिम्मा 246 हवलदार, सिपाहियों को दिया गया है, औसत एक बदमाश केपीछे एक सुरक्षा कर्मी.! बदमाशों की गतिविधियों कीनियमित जाँच कर रिपोर्ट दर्ज करेंगे।वहीं समय समय पर थाना, चौकी प्रभारी को अवगत कराएंगे,राजपात्रित अधि कारी भी प्रवास,निरीक्षण के दौरान इसकी नियमित चेकिंग करेंगे,एक सुरक्षा कर्मी के जिम्मे एक बदमाश होने से सतत निगरानी तो होगी वहीं लापरवाही बर तने पर भी कड़ी कार्यवाही भी हो सकेगीज!

### और अब बस...

- » एक मंत्री से बड़ा विभाग लेने की चर्चा तेज हैज?
- » रायपुर दक्षिण विधान सभा उपचुनाव में भाजपा के सुनील सोनी 46 हजार 167 मतों से विजयी हुए।
- » छ्ग मंत्रिमंडल का विस्तार क्या अब लटक गया है।
- » क्या कुछ एसपी का तबादला निगम,पालिका, पंचायत चुनाव के बाद होगा।

# भाजपा का जनाधार छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रहा

**रायपुर 1 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व, प्राथमिक सदस्यता अभियान और सक्रिय सदस्यता अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की। इस मौके पर नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी नरेश बंसल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे।



बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि सदस्यता अभियान की सफलता से यह साफ हो गया है कि भाजपा का जनाधार छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से नई टीम बनाने और संगठन को और मजबूत करने की बात कही। उन्होंने बताया कि भाजपा ने 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा किया है, और इस सफलता का जश्न गुब्बारे उड़ाकर मनाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सदस्यता अभियान की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि अब देश प्रोइनकंबेंसी देख रहा है, क्योंकि जनता जानती है कि उनका विकास केवल भाजपा के साथ ही संभव है। राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी नरेश बंसल ने सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा की ताकत को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पार्टी ने देशभर में 11 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाए हैं और छत्तीसगढ़ में 60 हजार सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया है।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने सदस्यता अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और आगामी चुनावों के लिए संगठन को और मजबूती से तैयार करने की बात की। प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने बताया कि प्रदेश के 35 जिलों में संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और 5 दिसंबर तक 100 प्रतिशत चुनाव पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में भाजपा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, विधायक, और जिला अध्यक्ष भी उपस्थित थे, जिन्होंने संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

# अशोक बजाज ने नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्ष का किया सम्मान



**रायपुर 1 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज ने गोबरा नवापारा के बूथ क्रमांक 220 के नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं अन्य पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश यादव , परदेसी राम साहू , दयालु राम गाड़ा, अनीता दुबे, वार्ड पार्षद मायाराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, सूरज साहू, मनीष देवांगन किशन कोसरे, मिथिलेश ठाकुर एवं कामेश्वर प्रसाद तिवारी के अलावा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### वित्तमंत्री ने 'महतारी शक्ति ऋण योजना' को लॉन्च किया

**रायपुर 1 दिसंबर।** वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने महतारी शक्ति ऋण योजना का अपने निवास कार्यालय से लांचिंग की। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोरा भी उपस्थित थे।वित्त मंत्री चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह योजना माताओं और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन अरोरा ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत, जिन बहनों का खाता ग्रामीण बैंक में है और जिनमें महतारी वंदन योजना की राशि जमा होती है, उन्हें स्वरोजगार के लिए 25 हजार रुपए तक का ऋण बिना किसी औपचारिकता के उपलब्ध कराया जाएगा।राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा शुरू की गई महतारी शक्ति ऋण योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह योजना महिलाओं को न केवल वित्तीय मदद प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार और समाज के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने में भी सहायक होगी।



# चक्रवाती तूफान से बदला राजधानी का मौसम

**रायपुर 1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में 1 दिसंबर 2024 से मौसम में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। राज्य में आज दिनभर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिसके कारण तापमान में गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के कारण वातावरण में ठंडक बढ़ेगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, बारिश का असर खासतौर पर सुबह और शाम के वक्त देखने को मिल सकता है।मौसम विभाग का कहना है कि यह बारिश छत्तीसगढ़ के कुछ प्रमुख इलाकों जैसे रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, और रायगढ़ में ज्यादा हो सकती है। खासतौर पर उन क्षेत्रों में बारिश की अधिक संभावना है, जो पर्वतीय इलाकों के करीब हैं। यह बारिश किसानों के लिए भी फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि इस समय अधिकतर फसलें पकने के दौर में हैं, और हल्की बारिश से मिट्टी में नमी बनी रहती है। हालांकि, अगर बारिश ज्यादा हुई तो कुछ क्षेत्रों में जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। कुल मिलाकर, 1 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के लोग मौसम का आनंद ले सकते हैं, क्योंकि बारिश के कारण वातावरण ठंडा रहेगा और लोग गर्मी से राहत महसूस करेंगे।



### रेल यात्रियों को स्वच्छ और गुणवत्तायुक्त सेवा प्रदान करने की पहल

**रायपुर 1 दिसंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वातानुकूलित (एसी) श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को स्वच्छ, हाइजीनिक, अच्छी तरह से प्रेस (इस्त्री) किया हुआ और उच्च गुणवत्ता वाला लिनन प्रदान करने के लिए नवीनतम अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है, ताकि यात्री सुविधा एवं संतुष्टि में वृद्धि हो सके । यात्रियों को स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाला लिनन प्रदान करने के प्रयास को सुनिश्चित करने हेतु - उच्च गुणवत्ता वाले लिनन की खरीद, आधुनिक और यंत्रीकृत वाशिंग सुविधाएं, यात्रियों के लिए बेड रोल्स के सेट को इको-फ्रेंडली पैकेजिंग में प्रस्तुत करना एवं मजबूत और प्रभावी परिवहन के लिए बेहतर लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया जाता है । इसके साथ ही सभी लिनन सेट भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) मानक विनिर्देशों के अनुसार तैयार किए गए हैं । ट्रेनों के वातानुकूलित कोचों में हैंडलूम के उच्च गुणवत्ता वाले बेडशीट्स प्रदान की जाती हैं । लिनन के भंडारण के लिए डिपो और ट्रेनों में उपयुक्त स्थान निर्धारित किए गए हैं । सभी लिनन प्रत्येक उपयोग के बाद धोए जाते हैं और उनकी स्थिति या आयु के अनुसार हटाए जाते हैं ।

# अमावस्या पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा कर असाध्य रोगों से मुक्ति व स्वास्थ्य समृद्धि की मंगल प्रार्थना

■ चमत्कारी जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में बच्चों ने दादागुरुदेव की बड़ी पूजा में भाग लिया

**रायपुर 1 दिसंबर।** जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी म सा द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में अमावस्या के पावन अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा कर छत्तीसगढ़ की जनता के लिए असाध्य रोगों से मुक्ति व स्वास्थ्य समृद्धि हेतु मंगल प्रार्थना की गई , उक्ताशय की जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी । सर्वप्रथम चारों दादागुरुदेव की वेदी प्रतिमाओं के सम्मुख अष्ट प्रकारी पूजा का विधान किया गया । अध्यक्ष सन्तोष बैद , वर्धमान चोपड़ा , दीप्ती बैद , ममता पारख , शैला बरडिया , प्रकाश पारख , अशोक कोचर द्वारा बड़ी पूजा विधान सम्पन्न हुआ । महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि कुशल नाम है कितना प्यारा , जन जन की आंखों का तारा , जब कोई नही आता मेरे दादा आते हैं , मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते हैं । भजनों से वातावरण गुरुभक्ति में सराबोर हो गया । ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि रविवारीय शिविर में सैकड़ों बच्चों ने नवांगी पूजा व दादागुरुदेव की अष्टप्रकारी पूजा में भाग लिया । बच्चों को वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा की ओर से प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी में आज अमावस्या को दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के लाभार्थी तरुण कुमार मोहित कोचर , अशोक अरुणा कोठारी , मोहन लाल मनीष नमन पगारिया , मनोहर लाल पुगलिया , श्रीमती मंजू महेन्द्र कोठारी , जयचंद रमेश , मोहन चंद बच्छावत , दिनेश कुमार जैन , बसंत जितेन्द्र नाहर , नीलमचंद डॉ अंशुल बरड़िया , वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा , गुमान चंद कांतिलाल झाबक , संतोष सरला बैद , हर्षद सेठ , वीरेन्द्र श्रेयांस पारख परिवार हैं । लाभार्थी परिवारों द्वारा आरती मंगल दीपक किया गया तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रभावना दी गई ।



### लोनिवि में थोक तबादले

**रायपुर, 1 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं. लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत एक्सीक्यूटिव इंजीनियर्स और एसडीओ को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. आदेश लोक निर्माण विभाग के अवर सचिव केएम अग्रवाल ने जारी किया है. ट्रांसफर सूची में प्रदेश के 62 अफसरों का नाम शामिल है। सरकार ने शनिवार को प्रदेश के 62 कार्यपालन अभियंताओं और अनुविभागीय अधिकारियों का ट्रांसफर किया है. इसमें राजधानी रायपुर से लेकर दंतेवाड़ा,बस्तर तक के अफसर शामिल हैं. इस फैसले से न केवल निर्माण कार्यों में तेजी आने की संभावना है, बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद और जुड़ाव को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। तबादला सूची में बलौदा बाजार सहित राज्य के तमाम जिलों के अफसरों का नाम शामिल हैं. इन तबादलों के बाद राज्य में विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद की जा रही है। सरकार ने लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित अफसरों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया है. विशेषज्ञों का मानना है कि इससे विभाग में नई ऊर्जा का संचार होगा और कार्य में पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ेगी. साथ ही सरकार ने यह कदम से खासतौर पर भवन, सड़क, पुल और अन्य निर्माण परियोजनाओं में गति लाने के उद्देश्य से उठाया गया है। निर्माण कार्यों में तेजी से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी. बेहतर सड़कों से व्यापार और परिवहन को बढ़ावा मिलेगा. वहीं, भवन निर्माण के कार्यों से सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों और स्कूलों में जरूरी सुविधाओं का विस्तार हो सकेगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26